# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–278 । सागर, बुधवार, 29 नवम्बर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए



कोहरे व सर्द हवाओं से ठिठुरन बढ़ी, 16 डिग्री पर पहुंचा पारा — पृष्ठ 3

- जमीनी मुद्दों के साथ धर्मनिरपेक्षता पर लौटता राजनीतिक विमर्श
- गाजा संघर्ष ने बढ़ाया धार्मिक नेताओं के बीच मतभेद — पृष्ठ 4

- पुलिस के पहरे में किसानों को बांटी गई डीएपी और यूरिया — पृष्ठ 6

2 स्थानों पर सड़क हादसा, 4 की मौत — पृष्ठ 7


## सार-समाचार

### रोजगार मेले में 51 हजार नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी गुरूवार को रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 51 हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री नवनियुक्त कर्मचारियों को संबोधित भी करेंगे। यह रोजगार मेला देश भर में 37 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। ये भर्ती केंद्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में की गई हैं। देश भर से चुने गए नए कर्मचारी राजस्व विभाग, गृह मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, वित्तीय सेवा विभाग, रक्षा मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों में नियुक्त किए गए हैं।

### शिवराज बोले- कोई कांटे की टक्कर नहीं, लाड़ली बहनों ने निकाले सभी कांटे



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का एक वीडियो आज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वे ये कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि राज्य में कांटे की टक्कर जैसा कुछ नहीं है, लाड़ली बहनों ने सभी कांटे निकाल दिए हैं और भारतीय जनता पार्टी पांचवीं बार सरकार बनाने जा रही है।

श्री चौहान का ये वीडियो उनके विधानसभा क्षेत्र सीहोर जिले के बुधनी का बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि श्री चौहान चुनाव के बाद कल अपने विधानसभा क्षेत्र बुधनी गए थे, इसी दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं के बीच ये बात कही। वीडियो में श्री चौहान कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि तीन तारीख कोआप देखेंगे कि फिर से पांचवीं बार भाजपा सरकार बनेगी। कोई संदेह नहीं है। ये जो बातें कही जा रहीं हैं कि कांटे की टक्कर है, कोई कांटे की टक्कर नहीं है। कार्यकर्ताओं ने खूब मेहनत की है और लाड़ली बहनाओं ने सभी कांटे निकाल दिए हैं। श्री चौहान कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि जनता का बेहद प्यार और आशीर्वाद अपने काम को मिला है।

### राजनाथ ने अत्याधुनिक युद्धपोत का अनावरण किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को यहां नौसेना के अत्याधुनिक युद्धपोत इम्फाल की शिखा का अनावरण किया।

इस अवसर पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह तथा रक्षा मंत्रालय और मणिपुर के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे। इम्फाल की शिखा के डिजाइन में बाईं ओर मणिपुर की ऐतिहासिक धरोहर 'कांगला महल' और दाईं ओर राज्य के पौराणिक प्राणी 'कांगला सा' को दर्शाया गया है। इससे मणिपुर के लोगों द्वारा देश की स्वतंत्रता , संप्रभुता और सुरक्षा के लिए दिए गए बलिदान को महत्व दिया गया है। 'कांगला महल' मणिपुर का एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और पुरातात्विक स्थल है। 'कांगला-सा' मणिपुर का राज्य प्रतीक भी है।

### संजय सिंह को नहीं मिली जमानत

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली शराब नीति केस में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की जमानत याचिका पर मंगलवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। आप नेता को मंगलवार को भी जमानत नहीं मिल सकी। उन्होंने कोर्ट में 24 नवंबर को जमानत याचिका लगाई थी।

कोर्ट ने इस मामले में ईडी को नोटिस जारी किया है। अब 6 दिसंबर को अगली सुनवाई होगी। कोर्ट ने ईडी को उसी दिन जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। आप सांसद बीते 56 दिन से हिरासत में हैं। ईडी ने उन्हें को 4 अक्टूबर को अरेस्ट किया था। संजय सिंह 4 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में हैं। 24 नवंबर को उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था, जहां स्पेशल जज एमके नागपाल ने उनकी न्यायिक हिरासत 4 दिसंबर तक बढ़ा दी। इससे पहले संजय को 10 नवंबर को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था। जहां उनकी कस्टडी 24 नवंबर तक बढ़ाई गई थी।

---

सिलक्यारा टनल हादसा

# 17 दिन के जीवन संघर्ष के बाद सुरंग से बाहर आए 41 मजदूर





**उत्तरकाशी, देशबन्धु।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में स्थित सिल्कयारा की निर्माणाधीन सुरंग में 17 दिनों से फंसे सभी मजदूरों को जीवन संघर्ष के बाद सकुशल बाहर निकाल लिया गया है। सुरंग से निकाले मजदूरों को एम्बुलेंस के जरिए चिन्यालीसौड़ के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उन्हें डॉक्टर्स की निगरानी में रखा जाएगा। फिलहाल सभी मजदूरों को स्वास्थ्य बताया गया है।

एक मोटी पाइप के जरिए पहले एक मजदूर को बाहर निकाला गया, इसके बाद एक-एक कर सभी को बाहर निकाल लिया गया। उत्तराखंड

## डॉक्टर्स की निगरानी में रखा गया

के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बचाव अभियान वाले स्थान पर मौजूद रहे और उन्होंने बाहर निकले श्रमिकों से मुलाकात की और उनका हालचाल पूछा। टनल से बाहर आए पहले मजदूर ने पूरी बचाव दल को शुक्रिया कहा है। सुरंग से श्रमिकों के बाहर आते ही उनके लिए आर्थिक सहायता का ऐलान किया गया है। सरकार सुरंग में फंसे मजदूरों को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता देगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सिलक्यारा सुरंग में फंसे सभी श्रमिकों को सरकार एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। वहीं उनके अस्पताल में इलाज और घर जाने तक की पूरी व्यवस्था सरकार द्वारा की जाएगी। साथ ही मुख्यमंत्री धामी ने अभियान में जुटे बचाव दल को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने जरुरी होने पर श्रमिकों को हर चिकित्सा सुविधा देने के आदेश दिए हैं।

वहीं केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने कहा, कि अभियान में जिस भी हमें जरूरत पड़ी वह प्रधानमंत्री ने मुहैया करवाई... जितने साधन जुटाए गए हैं, इतने साधन किसी और ऑपरेशन के लिए नहीं जुटाए गए होंगे। इस बचाव अभियान में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, बीआरओ, आरवीएनएल, एसजेवीएनएल, ओएनजीसी, आईटीबीपी, एनएचएआईडीसीएल, टीएचडीसी, उत्तराखंड राज्य शासन, जिला प्रशासन, भारतीय थल सेना, वायुसेना समेत तमाम संगठनों, अधिकारियों और कर्मचारियों की अहम भूमिका रही।

### प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री से बातचीत कर जाना मजदूरों का हाल, दी बधाई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रमिकों को सकुशल बाहर निकाले जाने पर मुख्यमंत्री धामी को फोन कर बधाई और शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री से जाना कि श्रमिकों के स्वास्थ्य देखभाल, घर छोड़ने व परिजनों आदि के लिए क्या व्यवस्थाएं की गई हैं। जिस पर मुख्यमंत्री ने बताया कि सभी श्रमिकों को सुरंग से निकलने के बाद सीधे चिन्यालीसौड़ स्थित अस्पताल ले जाया गया है। जहां उनकी जरूरी स्वास्थ्य जांच आदि की जाएगी। साथ ही अवगत कराया कि श्रमिकों के परिजनों को भी फिलहाल चिन्यालीसौड़ ले जाया गया जहां से उनकी सुविधा के अनुसार राज्य सरकार उनको घर छोड़ने की पूरी व्यवस्था की जाएगी।

### मुख्यमंत्री ने कहा : जाबाजों के परिश्रम से बची श्रमिकों की जान

**भोपाल, देशबन्धु।** उत्तरकाशी स्थित लिक्यारा टनल में चल रहे आपरेशन को सफलता प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस सफलता को बाबा केदारनाथ की कृपा और राहत व बचाव कार्य में लगे हमारे जाबाजों के अथक परिश्रम का परिणाम बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि इस सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की दृढ़ इच्छाशक्ति का भी यह परिणाम है, आपने सिद्ध किया कि असंभव कुछ भी नहीं है।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने दी राहत टीम को बधाई

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने उत्तरकाशी टनल से श्रमवीरों को सकुशल निकालने के लिए राहत कार्य में लगी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के बाहर निकालने में टीम ने कड़ा परिश्रम किया है। श्री शर्मा ने श्रमिकों के परिवारों को भी शुभकामनाएं दी हैं।

---

# इंडिया गठबंधन को लेकर कांग्रेस फिर सक्रिय

- 3 दिसम्बर से पहले सहयोगियों से करेगी बात
- शीतकालीन सत्र के लिए भी तय करेगी रणनीति

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव खत्म होते ही कांग्रेस लोकसभा चुनाव 2024 की रणनीति कों लेकर इंडिया गठबंधन के दलों को फिर से साधने की तैयारी में है। माना जा रहा है कि तीन दिसम्बर से पहले वह सहयोगी दलों से बातचीत करेगी। हालांकि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में उसका सहयोगी दलों के साथ जो रवैया रहा, वह आगे की राह में मुश्किलें खड़ी कर सकता है।

मालूम हो कि पांच राज्यों के चुनाव से पहले 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन का गठन बड़ी गर्मजोशी के साथ हुआ था। लेकिन विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद यह नेपथ्य में चला गया। सीटों का बंटवारा न होने से कांग्रेस के खिलाफ इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों सपा, आम आदमी पार्टी,जद यू ने अपने उम्मीदवार भी उतारे और भाजपा के साथ ही कांग्रेस पर भी जमकर हमला किया। लेकिन अब सूत्र बता रहे हैं कि मंगलवार को तेलंगाना का चुनाव प्रचार खत्म होते ही कांग्रेसी रणनीतिकार इंडिया गठबंधन की रणनीति को लेकर चर्चा करने लगे हैं। सूत्र बता रहे हैं कि पार्टी नेतृत्व ने तय किया है कि तीन दिसम्बर से पहले कांग्रेस इंडिया गठबंधन के सभी सहयोगियों सें बातचीत कर अगली बैठक की जगह और तारीख तय करने की कोशिश करेगी। माना जा रहा है कि इसके जरिए कांगेस सहयोगी दलों के साथ संबंधों में जो कडवाहट आई है, न केवल उसे दूर करने की कोशिश करेगी बल्कि चार दिसम्बर से शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र के लिए संयुक्त रणनीति भी तय करेगी।

# तेलंगाना में प्रचार खत्म, कल होगा मतदान

- आखिरी दिन सभी प्रमुख दलों ने प्रचार में झोंकी ताकत
- शाम तक जारी रही रैलियां, पदयात्राएं व नुक्कड़ सभाएं
- 119 सीटों के लिए कुल 2,290 उम्मीदवार मैदान में हैं

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान मंगलवार शाम को समाप्त हो गया। सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस), कांग्रेस और भाजपा के शीर्ष नेताओं ने अंतिम दिन राज्य भर में चुनावी रैलियों को संबोधित किया और रोड शो में भाग लिया। मोटरसाइकिल रैलियां, पदयात्राएं, नुक्कड़ सभाएं, पब्लिक मीटिंग और घर-घर जाकर प्रचार करना शाम तक जारी रहा। उम्मीदवारों और उनकी पार्टियों ने मतदाताओं को लुभाने के लिए आखिरी कोशिश की। बीआरएस ने 2018 के चुनावों में 119 सदस्यीय विधानसभा में 88 सीटें हासिल की थीं। अब यह यहां लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही है, जबकि कांग्रेस और भाजपा दोनों सत्ता हासिल करने की कोशिश में हैं।

गुरुवार को होने वाले मतदान में 3.26 करोड़ से कुछ अधिक मतदाता वोट डालने के पात्र हैं। 119 सीटों के लिए कुल 2,290 उम्मीदवार मैदान में हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी विकास राज ने हैदराबाद में संवाददाताओं से कहा कि शाम पांच बजे प्रचार समाप्त हो गया। प्रचार के दौरान तीन प्रमुख राजनीतिक दलों और हैदराबाद में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेताओं के बीच एक दूसरे पर खूब हल्ला बोला। बीआरएस ने पिछले दो कार्यकालों के दौरान अपने प्रदर्शन के आधार पर नए जनादेश की मांग की है। वहीं कांग्रेस ने पड़ोसी राज्य कर्नाटक में अपनी हालिया सफलता को दोहराने की उम्मीद में छह गारंटियों के साथ मतदाताओं को लुभाने की कोशिश की। भाजपा ने विकास की गति को तेज करने के लिए डबल इंजन सरकार के लिए एक मौका मांगा और उसने पिछड़े वर्ग से मुख्यमंत्री बनाने का वादा किया।

### राहुल, प्रियंका ने किया रोड शो



कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और राज्य कांग्रेस प्रमुख रेवंत रेड्डी ने पार्टी उम्मीदवार मयनामपल्ली हनुमंत राव के समर्थन में हैदराबाद के मल्काजगिरी निर्वाचन क्षेत्र में एक रोड शो के साथ अपना अभियान समाप्त किया।

### केसीआर ने कामारेड्डी में की रैली

बीआरएस अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने गजवेल निर्वाचन क्षेत्र में आखिरी चुनावी रैली की, जहां से वो फिर से चुनाव लड़ रहे हैं। वो कामारेड्डी से भी चुनाव लड़ रहे हैं। उनके बेटे और बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामाराव ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित किया।

---

पाकिस्तानी कलाकारों पर प्रतिबंध लगाने की याचिका खारिज

# सर्वोच्च अदालत ने कहा- छोटी सोच न रखें

### उरी हमले के बाद 7 साल का बैन लगा था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तानी कलाकारों को भारत में प्रस्तुति देने से रोकने की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा- इतनी छोटी सोच न रखें। साल 2016 में हुए उरी हमले के बाद से भारत ने पाकिस्तानी कलाकारों पर 7 साल का बैन लगा दिया था। यह सीमा अब साल 2023 में खत्म हो गई है।

सिने एक्टिविस्ट फैज अनवर कुरैशी ने इससे पहले बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। वहां से याचिका खारिज होने के बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। याचिका पर सुप्रीम कोट के जस्टिस संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की बेंच ने कहा कि हम बॉम्बे हाईकोर्ट के



आदेश में दखल देने के इच्छुक नहीं है। आपको भी इस अपील पर दबाव नहीं डालना चाहिए। याचिकाकर्ता के खिलाफ हाईकोर्ट की ओर से की गई कुछ टिप्पणियों को हटाने की याचिका भी सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी। बेंच ने कहा कि यह आपके लिए एक अच्छा सबक है।

### 12 सौ करोड़ का जुर्माना लगाने के एनजीटी के आदेश पर रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें अनुचित सॉलिड और लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए महाराष्ट्र राज्य को 1,200 करोड़ का मुआवजा देने की मांग की गई थी। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली और न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा दायर अपील पर नोटिस जारी किया और इस बीच एनजीटी द्वारा जारी किए गए आदेश के लागू होने पर रोक लगा दी।

# रैपिड रेल के लिए पूरा भुगतान न करने पर दिल्ली सरकार को लगाई फटकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम परियोजना के दिल्ली-अलवर और दिल्ली-पानीपत कॉरिडोर के निर्माण के लिए अपने हिस्से का फंड देने के लिए उसके आदेश के आंशिक अनुपालन पर दिल्ली सरकार को कड़ी फटकार लगाई।

न्यायमूर्ति एस.के. कौल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, आपको वह पैसा देने होगा, जिसका भुगतान आप को करना है। बजटीय प्रावधान क्यों नहीं करते? आप विज्ञापनों के लिए 580 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान कर सकते हैं, लेकिन आप 400 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान नहीं कर सकते। कौल ने दिल्ली सरकार के वकील से यह बात तब कही जब उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी की सरकार रैपिड रेल परियोजना के लिए बजटीय आवंटन कर रही है। पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया भी शामिल थे, ने कहा कि उसने सरकार को वे क्या कर रहे हैं का एहसास कराने के लिए विज्ञापन उद्देश्यों के लिए आवंटित धन को आरआरटीएस परियोजना में स्थानांतरित करने का आदेश दिया। इसमें कहा गया है कि दिल्ली सरकार चाहती है कि सारा पैसा केवल पर्यावरण निधि से निकाला जाए और बजटीय प्रावधान नहीं करना चाहती। शीर्ष अदालत के समक्ष राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता आत्माराम नाडकर्णी ने कहा, हम आपके आदेश के अनुपालन को लेकर चिंतित हैं। शीर्ष अदालत ने पूछा, क्या आपने भुगतान किया है या आपने भुगतान नहीं किया है? क्या आपने फंड ट्रांसफर किया है या नहीं।

उच्च न्यायालय का निर्देश

### सफाई कर्मी की विधवा को 30 लाख का मुआवज़ा दिया जाए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने नगर सरकार को एक सफाई कर्मचारी की विधवा को 30 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया है जिसकी सीवर की सफाई के दौरान मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने महिला की उस याचिका को स्वीकार कर लिया जिसमें कहा गया था कि उच्चतम न्यायालय के हालिया आदेश के अनुसार उसे अधिक मुआवजा दिया जाए।

शीर्ष अदालत ने सीवर की सफाई करने के दौरान जान गंवाने वाले कर्मियों के आश्रितों को दिए जाने वाले 10 लाख रुपये के मुआवज़े को बढ़ा कर 30 लाख रुपये कर दिया था। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने कहा कि शीर्ष अदालत का फैसला वर्तमान मामले पर भी लागू होगा और राज्य सरकार से कहा कि वह दो महीने में महिला को बढ़ा हुआ मुआवज़ा दे। इसी के साथ अदालत ने महिला की याचिका का निपटान कर दिया। याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया था कि उसे 10 लाख रुपये का मुआवज़ा मिल गया है, लेकिन शीर्ष अदालत के फैसले के मद्देनज़र मुआवज़े को बढ़ाकर 30 लाख रुपये किया जाए।

## सार-समाचार

### कंफेक्शनरी दुकानों का किया निरीक्षण



**दमोह, देशबन्धु।** डीओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने शहर में निरीक्षण कार्यवाही करते हुए विभिन्न प्रकार के कंफेक्शनरी, नमकीन, वेफर्स, चिक्की एवं चॉकलेट के नमूनें जांच हेतु लिए। कार्यवाही में दमोह शहर में कचौरा शॉपिंग सेंटर स्थित जेके ट्रेडर्स एवं महावीर जनरल स्टोर का निरीक्षण किया गया। मौके पर विक्रय हो रहे चिक्की, शुगर बॉयल्ड कंफेक्शनरी, चॉकलेट, चोको वेफर्स एवं नमकीन के नमूनें जांच हेतु लिए। उक्त खाद्य पदार्थों के नमूनों को गुणवत्ता जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर इस संबंध में नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण की कार्यवाही में मौके पर फूड लाइसेंस की प्रति स्पष्ट रूप से परिसर में लगी हुई पाई गई।

### स्वीप गतिविधियों पर आधारित अखबारों की कटिंग के एल्बम का किया लोकार्पण



**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में की गई गतिविधियों की जानकारी अखबारों के माध्यम से प्रकाशित की गई हैं। ऐसे अखबारों की कटिंग का एक एल्बम का लोकार्पण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य, स्वीप योजना की नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ पीसी शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी के द्वारा किया गया। कलेक्टर ने बताया कि जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गतिविधियां आयोजित की गई हैं। इन गतिविधियों की जानकारी एवं अखबारों की कटिंग का जिला निर्वाचन के द्वारा एक एल्बम तैयार किया गया जिसका लोकार्पण किया गया है।

### क्लीन टॉयलेट अभियान के अंतर्गत की जाने वाली गतिविधियां समय सीमा में संचालित की जाये: निगमायुक्त

**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने समस्त जोन प्रभारियो को भारत शासन के निर्देशानुसार प्रारंभ किये गए सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालय का कायाकल्प सुनिश्चित करने के लिए 5 सप्ताह तक संचालित किये जाने वाले सामूहिक स्वच्छता और रखरखाव अभियान के अंतर्गत ओएंडएम में सुधार करने और अभियान के तहत कि जाने वाली समस्त गतिविधियां निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने दिए हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देश अनुसार 19 नवंबर विश्व शौचालय दिवस से 25 दिसंबर सुशासन दिवस तक क्लीन टॉयलेट कैंपेन अभियान प्रारंभ किया गया है जिसके दो प्रमुख घटक होंगे, जिसमें प्रथम घटक के अंतर्गत क्लीन टॉयलेट कैंपेन और द्वितीय घटक के अंतर्गत टॉयलेट चौलैज प्रमुख है जिसमें समयबद्ध अनुसार विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएगी ताकि नागरिकों को सार्वजनिक शौचालय के रखरखाव और उनकी देखभाल के प्रति जागरूक करना और शौचालय साफ रहे, इसके लिए कर्मचारियों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग हो।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने इंजीनियरिंग कॉलेज के स्ट्रांग रूम पहुंचकर जा रही व्यवस्थाओं एवं सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन के तहत शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह चालू है। जिनसे लगातार 24 घंटे गतिविधियों की रिकॉर्डिंग की जा रही है। प्रतिनिधि अगर चाहे तो वह रिकॉर्डिंग भी देख सकते हैं। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी, लोक निर्माण विभाग, पुलिस विभाग के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### युवक ने की आत्महत्या

**खुरई, देशबन्धु।** बरोदिया नोनागिर गांव में अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने घर के आंगन में लगे पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के मुताबिक खुरई देहात थाना क्षेत्र के बरोदिया नोनागिर गांव निवासी नीलेश पिता शंकर राय 19 ने अपने घर के आंगन में लगे पेड़ पर फांसी लगाकर जान दे दी। नीलेश मजदूरी का काम करता है। उसने फांसी क्यों लगाई है इसका कारण अभी अज्ञात बताया जा रहा है। घटना की जानकारी तब लगी जब उसकी मां कमरे से निकलकर नहाने के लिए जा रही थी। उसने देखा कि उसका बेटा आंगन में लगे पेड़ पर लटका हुआ है। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी। नीलेश की मां ने बताया कि दूसरा बेटा नीलेश था जो गांव की ही दुकान में मजदूरी का काम करता था। बेटे ने आत्महत्या क्यों की उन्हें पता नहीं है, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से उतारा। पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# भारतीय संविधान नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों को संतुलित करता है: डॉ. प्रतिभा तिवारी




**सागर, देशबन्धु।** भारतीय स्त्री शक्ति रिमझिरिया में चलाये जा रहे नि:शुल्क प्रशिक्षण कौशल विकास योजना के अवसर पर संविधान दिवस मनाते हुए, भारतीय स्त्री शक्ति की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा तिवारी ने कहा कि हमारा संविधान दुनिया का सबसे लम्बा लिखित संविधान है इसकी सम्प्रभुता और धर्म निरपेक्षता इसे दूसरो से अलग करती है। हमारा संविधान अनूठा संविधान है देश का कानून ही देश का संविधान कहलाता है। इसे धर्म शास्त्र, विधि शास्त्र आदि नामो से भी जाना जाता है। हमारे संविधान को बनाने से पूर्व दुनिया भर के संविधानो का अध्ययन किया गया था और उन सभी देशो के अच्छी-अच्छी बातों को आत्मसात किया गया है। संविधान की नजर में सब एक समान है सबके अधिकार एवं कर्तव्य एक समान है। इसकी दृष्टि में कोई छोटा, बड़ा, अमीर या गरीब नहीं है सभी के लिए एक जैसे पुरस्कार और दण्ड का विधान है। जब तक नागरिक अपने मौलिक अधिकारों के प्रयोग के साथ-साथ मौलिक कर्तव्यों का निर्वाह नहीं करेगें। तब तक हम भारतीय समाज में लोकतंत्र की जड़ो को मजबूत नहीं कर पायेगें। भारतीय संविधान की एक प्रमुख विशेषता यह भी है कि यह नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों को संतुलित करता है। मुख्यवक्ता वकील अध्यक्ष, सुप्रीम कोर्ट दीपा तिवारी ने कहा कि भारतीय संविधान का जो स्वरूप हमें दिखाई देता है वह केवल एक व्यक्ति का नहीं वरन कई लोगों के अथक प्रयास का नतीजा है। हम सभी बहुत ही भाग्यशाली है जो हमने स्वतंत्र भारत में जन्म लिया। भारतीय संविधान में संस्कार के अधिकारियों के कर्तव्य और नागरिकों के अधिकारों के बारे में भी बताया गया है। नागरिकों को अपने देश और अन्य नागरिकों के प्रति उनके कर्तवयों के निर्वहन की आवश्यकता पर जोर देना अनिवार्य हो गया है। विशिष्ट अतिथि किशोर न्यायालय की मजिस्ट्रेट, रोहणी तिवारी ने छात्र-छात्राओं को गुडटच, बेडटच एवं समाज में उत्पन्न कुरीतियों से अवगत कराते हुए सावधान रहने की सलाह दी। इव अवसर पर प्रज्ञा उपाध्याय, सुधीर सत्संगी, ज्योति गौतम एवं विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी उपस्थिति देकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

## जीजा की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बीना, देशबन्धु।** भानगढ़ थाना क्षेत्र के जौध गांव में 20 नवंबर को सोते समय अपने जीजा की हत्या करने वाले साले को पुलिस ने मुंगावली से गिरफ्तार किया है। हत्या करने की वजह शक होना बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार नंदराम पिता पूरन आठिया 35 निवासी पड़रिया थाना सानौधा 19 नवंबर की सुबह बीना के भानगढ़ थाना क्षेत्र के जौध गांव में अपनी पत्नी के फूफा की तेरहवीं के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आया था। रात में वह आंगन में अपने बच्चों के साथ सो रहा था। वहीं युवक की पत्नी दूसरे कमरे में सो रही थी। इसी दौरान रिश्ते में लगने वाले उसके साले तुलाराम पिता हल्काई चढ़ार 28 निवासी जौध ने कुल्हाड़ी मारकर अपने जीजा की हत्या कर दी थी। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। भानगढ़ पुलिस ने आरोपी को अशोकनगर जिले के मुंगावली से गिरफ्तार किया है, पूछताछ में आरोपी ने बताया कि तेरहवीं कार्यक्रम में आए उसके रिश्ते के जीजा और उसकी पत्नी आपस में कुछ बात कर रही थी, तब उसे कुछ शंका हुई तो उसने रात में सोते समय अपने जीजा की हत्या कर दी। जबकि आरोपी की पत्नी और उसके रिश्ते के जीजा के बीच में केवल सामान्य बातचीत हो रही थी। हत्या करने के बाद वह फरार हो गया था। मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस ने आरोपी को मुंगावली से गिरफ्तार किया। वह मुंगावली रेलवे स्टेशन से भागने की तैयारी में था। पुलिस ने हत्या में उपयोग की गई कुल्हाड़ी जौध गांव से जब्त कर ली है। पुलिस आरोपी को कोर्ट में पेश कर दिया है। आरोपी को पकड़ने में भानगढ़ थाना प्रभारी प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक शिखा भलावी, उप निरीक्षक सतेन्द्र सिंह भदोरिया, कंजिया चौकी प्रभारी सत्यव्रत धाकड़, सिरचौपी चौकी प्रभारी हरीसिंह तोमर, सहायक उपनिरीक्षक जमना प्रसाद रजक, आरक्षक अजय रघुवंशी, दीपक यादव की भूमिका रही।

## गाय की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सागर, देशबन्धु।** देवरी थाना क्षेत्र के ग्राम भानपुर में खेत में गाय घुसी तो सिरफिरे युवक ने पत्थर मारकर हत्या कर दी। घटनाक्रम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। देवरी थाने के जांच अधिकारी एसआई अनिल कुजूर ने बताया कि फरियादी अरविंद पुत्र वीरेंद्र सिंह राजपूत जैतपुर पिपरिया ने थाने आकर शिकायत करते हुए बताया था कि भानपुर गांव की बंजरियाऊ पहाड़ी पर उसकी गाय की पत्थरों से कुचलकर आरोपी बालकिशन पुत्र साहब सिंह नाथ उम्र 19 साल निवासी भानपुर ने हत्या कर दी है। घटनाक्रम की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पशु चिकित्सक घटनास्थल पर बुलाए गए। जहां मृत गाय का पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं आरोपी बालकिशन के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि खेत में गेहूं की फसल लगी है। जिसमें गाय घुस गई थी। फसल का नुकसान होते देख गाय को पत्थर मार दिया था। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस प्रकरण के अन्य बिंदुओं पर जांच कर रही है। एसपी अभिषेक तिवारी ने बताया कि आरोपी ने गाय को पत्थर मारा था। जिससे उसकी मौत हो गई। प्रकरण के सभी बिंदुओं पर जांच कर साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कोई तुम्हारे साथ कितना भी बुरा करें, तुम हमेशा अच्छा ही करना: मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** जीवन को जितना संस्कारित करना आवश्यक है उतना ही आवश्यक मरण को सुव्यवस्थित करना है यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए अपने प्रवचन में कही। मुनिश्री ने कहा आधि का अर्थ है मानसिक पीड़ा, व्याधि का अर्थ है शारीरिक पीड़ा, और उपाधि का अर्थ है, पीडा के निमित्त पर पदार्थ। जहां पर यह तीनों पीड़ाये शांत हो जाती हैं उसे समाधि कहते हैं। मुनि श्री ने कहा कि हमेशा अच्छा करते रहो और बुरे से बुरे के लिए तैयार रहो, कोई तुम्हारे साथ कितना भी बुरा करें, तुम हमेशा अच्छा करना, तभी तुम्हारे परिणाम विशुद्ध कहलाएंगे। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा कोई भी कार्य एक व्यक्ति या एक संस्था से मिलकर नहीं होता, सभी संस्थाएं सभी समाज मिलकर सहयोग, समन्वय एवं समर्पण से सामाजिक धार्मिक कार्यक्रम सफलता के साथ संपन्न होते हैं। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया कि आज प्रात: संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव विद्यासागर का आचार्य पदारोहण दिवस का कार्यक्रम भव्यता के साथ मंदिर जी से आयोजित किया गया है।

## कोरी समाज उत्थान संगठन की बैठक संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** कोरी समाज उत्थान संगठन की बैठक गत दिवस संत कबीर वार्ड स्थित कोरी समाज सिद्धि विनायक गणेश मंदिर पर आयोजित की गई। बैठक में समाज को एकजुट व संगठित करने पर गहन चर्चा हुई। संगठन द्वारा चलाये जा रहे नि:शुल्क महिला सलाई प्रशिक्षण केंद्र की सफलता को देखते हुए विवेकानंद, संत कबीर वार्ड मछरयाई में भी नि:शुल्क महिला सिलाई प्रशिक्षण केंद्र खोले जाने पर विचार किया गया एवं स्थानीय पंचायत से आग्रह किया कि उक्त कार्य के लिए जगह उपलब्ध कराई जाये। संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एमएल कोरी ने कहा कि नये युवकों को भी आगे लाना चाहिए जिससे समाज उत्थान के कार्य में तेजी से वृद्धि हो सके। बैठक में ठाकुरदास कोरी, परमानंद कोरी, जगन्नाथ प्रसाद कोरी, डीआर कोली, कोमलचंद कोरी आदि सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

### मतगणना स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पूर्व सुनिश्चित करें: श्री आर्य

**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के तहत जिले की आठों विधानसभा क्षेत्रों में हुए मतदान की मतगणना 3 दिसम्बर को होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने मतगणना के संबंध में निर्देश दिए है। उन्होंने रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतगणना प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करें। मतगणना दलों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर भली भांति आयोग के निर्देशानुसार मतदान की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दे। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर पर्याप्त बैरिकेटिंग के साथ ही सुरक्षा से संबंधित सभी तैयारियां समय पूर्व पूरी की जाएं। मतगणना परिसर में बिना पास के किसी को भी प्रवेश न दिया जाए। मतगणना स्थल पर मीडिया कक्ष, मंच, लाइट, बैरिकेटिंग, लाउडस्पीकर, फर्नीचर, कुर्सी, टेंट, टेबल, पानी सहित सभी आवश्यक सामग्रियों एवं साधनों की उपलब्धता समय पूर्व कर ली जाए।

## अंग्रेजी शासन के निर्मित मजघटिया धाम पर दस दिवसीय महायज्ञ और श्रीराम के दरबार की होगी स्थापना



**शाहगढ़, देशबन्धु।** अंग्रेजी हुकूमत के दौरान निर्मित हुए दो सौ वर्ष पुराने प्रसिद्ध मजघटिया धाम स्थित प्राचीन हनुमानजी के मंदिर का श्रमदान से जीणोद्धार का कार्य प्रगति पर है, समीप ही स्थित भगवान श्रीराम के मंदिर में भगवान श्रीराम दरबार का स्थापना कार्यक्रम 13 से 22 जनवरी तक दस दिवसीय विशाल अनुष्ठान होगा। भगवान श्रीराम दरबार की स्थापना हेतु पंचकुंडीय श्रीराम महायज्ञ का आयोजन होने की तैयारियां शुरू हो गई है, वयोवृद्ध समाज सेवी कंछेदी लाल गुप्ता ने बताया कि अंग्रेजी शासन में निर्मित प्राचीन हनुमान मंदिर मजघटिया धाम का इतिहास दो वर्ष पुराना है विशाल जंगल मे वृक्ष के नीचे हनुमानजी की अतिशय युक्त प्रतिमा थी जिसके संबंध में उस समय के बुजुर्ग बताते थे कि हनुमानजी की प्रतिमा वृक्ष के नीचे किसी चरवाहे ने देखी थी तभी से वहां शाहगढ़ के कुछ भक्तजन वहां हनुमानजी की पूजा अर्चना करने जाने लगे एवं समय के साथ वहां छोटे से मंदिर का निर्माण भी हो गया नगर के बुजुर्गों के अनुसार हनुमानजी का मंदिर प्राचीन था जहा हनुमानजी की प्रतिमा आज भी प्राचीन ही स्थापित है, शाहगढ़ के प्राचीन हनुमानजी के मंदिर धाम पर हनुमानजी की प्रेरणा से भक्तों ने श्रीराम मंदिर का जीणोद्धार कर अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के आयोजन के साथ शाहगढ़ में भी मजघटिया धाम पर भगवान श्रीरामचंद्र जी की स्थापना विशाल एवं भव्य आयोजन के साथ सम्पन होने जा रही है, जिसकी तैयारियां जोरों से चल रही है।

## कांग्रेस प्रत्याशी के निर्वाचन अभिकर्ताओं ने निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**सागर, देशबन्धु।** नरयावली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एड. सुरेन्द्र चौधरी के निर्वाचन अभिकर्ताओं अशरफ खान एवं एड. सुनील सिंह भदौरिया ने नरयावली विधानसभा 40 के निर्वाचन अधिकारी विजय डहरिया को ज्ञापन सौंपकर कर जिला कोषालय स्थित स्ट्रांग रूम व सागर जनपद कार्यालय स्थित फैसिलिटी सेंटर की निगरानी व सुरक्षा हेतु सीसीटीव्ही कैमरे लगवाने की मांग की हैं। निर्वाचन अधिकारी को कांग्रेस के अभिकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि नरयावली विधानसभा क्षेत्र के सर्विस मतदाता जिनको मतपत्र जारी किए गए थे उक्त मत पत्र, मतदान उपरांत जनपद पंचायत कार्यालय स्थित फैसिलिटी सेंटर के माध्यम से जिला कोषालय स्थित स्ट्रांग रूम में जमा किए जा रहे हैं तथा पूर्व में 80 प्लस व पीडब्लयूडी मतदाताओं के मतदान उपरांत मतपत्र जिला कोषालय में जमा है जिनकी निगरानी व सुरक्षा हेतु तत्काल सीसीटीव्ही कैमरे लगवाए जाने की आवश्यकता है। नरयावली से कांग्रेस प्रत्याशी सुरेन्द्र चौधरी के निर्वाचन अभिकर्ताओं द्वारा दिए गए ज्ञापन पर निर्वाचन अधिकारी श्री डहरिया ने शीघ्र ही कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगाकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को आजीवन सश्रम कारावास

**सागर, देशबन्धु।** शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त वीरन उर्फ वीरेन्द्र पटैल को भादवि की धारा. 366 के तहत 5 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच सौ रूपये अर्थदण्ड पॉक्सो एक्ट की धारा.6 के तहत 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपये अर्थदण्ड तथा एससी/एसटी एक्ट की धारा.3 (1)(डब्ल्यू)(आई) के तहत 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं पांच सौ रूपये अर्थदण्ड धारा.3(2)(व्ही) के तहत आजीवन सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट 2012 नीलम शुक्ला जिला सागर की अदालत ने दंडित किया है। न्यायालय द्वारा बालिका के पुर्नवास के लिये उसे क्षतिपूर्ति के रूप में युक्तियुक्त प्रतिकर चार लाख रूपये दिये जाने का आदेश दिया। मामले की पैरवी प्रभारी उप संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रिपा जैन ने की। घटना इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता बालिका की मां ने 17 मार्च 2021 को थाना राहतगढ़ में इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि 16 मार्च 2021 को रात्रि करीबन 11 बजे बालिका बिना बताये घर से कहीं चली गई एवं जिसकी तलाश करने पर उसका कोई पता नहीं चला, किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बालिका को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने की शंका व्यक्त की। 23 मार्च 2021 को बालिका के मिलने पर उसने अपने कथनों में अभियुक्त वीरन उर्फ वीरेन्द्र द्वारा शादी का झांसा देकर उसे बहला फुसलाकर भगाकर इंदौर ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार करना बताया। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाना राहतगढ़ द्वारा अपराध आरोपी के विरूद्ध दर्ज करते हुये विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

## नाबालिक से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 10 साल की सजा

**बण्डा, देशबन्धु।** नाबालिक लड़की से दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश ने आरोपी को 10 वर्ष की सजा और अर्थ दंड से दंडित किया। विशेष लोक अभियोजक ताहिर खान ने बताया कि 14 जून 2016 को पीडित बालिका की मां सुबह 11 बजे ग्राम पनवारी अपनी बच्ची को देखने गई थी। पीडित का पिता घर पर पीडित की बहन को छोड़कर खपरों के अवा को देखने गया था। करीब 3 बजे पीडित के पिता को उसकी पुत्री ने खपरों के अवा के पास आकर बताया कि पीडित समय करीब 2.30 बजे लैट्रिग करने के लिये बाहर गयी थी, जो लौटकर घर नहीं आयी तब अभियोक्त्री के पिता ने अभियोक्त्री को गांव में आस पड़ोस तथा हीरापुर के बाजार में ढूंढा, अभियोक्त्री का कोई पता नहीं चला। शाम को अभियोक्त्री की मां लौटकर घर आयी तथा अभियोक्त्री के भाई को अभियोक्त्री के पिता ने घटना की जानकारी दी तथा रिश्तेदारी में जानकारी देकर पता किया किन्तु अभियोक्त्री का कोई पता नहीं चला आरोपी अमना रैकवार के गायब होने के कारण शक के आधार पर आरोपी के विरूद्ध पीडिता को बहला फुसलाकर भगा ले जाने संबंधी प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख कराई गयी 5 नवम्बर 2016 को पीडिता के दस्तायाब होने पर मेड़ीकल परीक्षण कराया गया, जिसमें घटना 14 जून 2016 से दस्तयाबी 5 नवम्बर 2016 की अवधी के दौरान उसके साथ बलात्संग किया जाना पाया गया। उक्त रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया, विचारण एवं बहस पश्चात् अभियुक्त के विरूद्ध भादंसं की धारा 366, 376(2)(एन) के अंतर्गत दोषी पाते हुये दोषसिद्ध किया गया।

## 10 साल से फरार स्थाई वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सागर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा थाना पर लंबित स्थाई गिरफ्तार वारंट की तामीली हेतु चलाये जा रहे अभियान में डॉ. संजीव कुमार उइके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर, शिखा सोनी एसडीओपी बण्डा के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्र के लंबित स्थाई वारंटी की तामीली कर आरोपियों की गिर. हेतु थाना पर टीम गठित की गई, 28 नवम्बर को जरिये मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पजनारी में करीब 10 साल से फरार स्थाई वारंटी मूरत रैकवार पिता सिल्लू रैकवार निवासी ग्राम पजनारी का बाहर जाने के लिये पजनारी बस स्टेण्ड पर बैठ है, सूचना पर ग्राम पजनारी बस स्टेण्ड पहुंचकर देखा कि एक व्यक्ति पुलिस को देखकर छिपने का प्रयास करने लगा तब हमराहा स्टाफ की मदद से पकड़ा नाम पता पूछा जो अपना नाम मूरत रैकवार पिता सिल्लू रैकवार निवासी ग्राम पजानरी का होना बताया जो न्यायालय बण्डा से जारी प्र.क. 377/ 05 धारा 341, 294, 323, 324, 325, 326, 506वी, 34 ता.हि. में जारी स्थाई वारंट में करीब 10 साल से फरार होना बताया आरोपी को विधिवत गिरफ्तार न्यायालय बण्डा पेश किया गया। गिरफ्तारी मे इंस्पेक्टर नसीर फारुकी, एसएसपी संजय बघेल, एसएसपी अरुण श्रीवास्तव, पीआर प्रदीप श्रीवास्तव, आरके पुष्पेन्द्र सेन का योगदान रहा।

## सादपुर की राशन दुकान से गेहूं चावल के दो सौ कट्टे चोरी

### पुलिस जांच कर रही लेकिन पड़ोसी सभी मौन



**शाहगढ़, देशबन्धु।** समीपस्थ ग्राम सादपुर स्थित शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान की दुकान से अज्ञात बदमाश गेहूं के 80 कट्टे और चावल के 120 कट्टे चुराकर ले गए। शाहगढ़ थाना प्रभारी अर्चना सिंह ने अपने पुलिस दल के साथ घटनास्थल पहुंचकर जांच की। चोरों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। दुकान के सेल्समैन धनीराम यादव ने पुलिस को बताया कि रविवार व सोमवार की दरमियानी रात चोर दुकान के दरवाजे को तोड़कर घुसे व गेहूं के कट्टे चुराकर ले गए। सोमवार सुबह वे दुकान पर पहुंचे तो मुख्य गेट टूटा हुआ मिला अंदर खाद्य पदार्थ कम मिला आकलन करने पर 80 बोरी गेहूं और 15 बोरी चावल ही मिला। दरवाजा टूटा बाहर रस्सा और अनाज बिखरा पड़ा था। चोरों ने मेनगेट, भंडार सहित कुल तीन ताले तोडकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर केवल गेहूं चावल के ही कट्टे निकालकर ले गए। राशन दुकान के आजू बाजू पीछे सभी जगह कई परिवारों का बसेरा है इतने भारी भरकम गेहूं चावल के कट्टे उठाने लेजाने में बड़ा वाहन उपयोग हुआ है चौरी को अंजाम देने में दो से तीन घंटे लगे होगे, इतनी बड़ी चोरी की वारदात होने के बाबजूद सभी पड़ोसी परिवार मौन है। इस संबंध में थाना प्रभारी अर्चना सिंह ने बताया कि हीरापुर चौकी प्रभारी मामले की जांच कर रहे हैं, चोरी में किस-किस वाहनों का उपयोग किया होगा, इस संबंध में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता।

## सार समाचार

### पंप हाउस की जमीन पर दबंग ने किया अतिक्रमण

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय से 100 किमी दूर स्थित ग्राम सरवई में सरकारी पंप हाउस की जमीन पर गांव के दबंग ने कब्जा करके मकान का निर्माण भी कर लिया है।

जानकारी के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के लवकुशनगर कार्यालय में पदस्थ सहायक यंत्री की ओर से नायब तहसीलदार सरवई को निर्माण कार्य रुकवाने के लिए आवेदन दिया था। जिसके आधार पर नायब तहसीलदार द्वारा इस अवैध निर्माण कार्य के खिलाफ 7 नवंबर को आगामी आदेश तक के लिए स्थगन आदेश जारी किया था ।साथ ही सरवई थाना प्रभारी को निर्देशित किया था कि मौके पर जाकर तत्काल निर्माण कार्य रोकें। इस आदेश का पालन करने में पुलिस की निष्क्रियता के कारण यहां निर्माण कार्य रुकना तो दूर और भी तेजी से कराया गया, जो अभी तक बराबर चल रहा है। यहां बता दें कि 100 वर्गफिट में पंप हाउस निर्मित है। वहीं करीब साढ़े 400 स्कायवर फिट जमीन खाली पड़ी है। इसी जमीन पर गांव के दबंग दीपू पाण्डेय निवासी सरवई द्वारा पंप हाउस की भूमि पर जबरन कब्जा कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। यहां अब तक न केवल मकान बनाकर लेंटर डाला गया बल्कि शटर भी लगा ली गई है। लोगों ने इस अवैध निर्माण का हटाकर सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।

### हत्या के प्रयास में फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**छतरपुर, देशबन्धु।** थाना सिविल लाईन पुलिस ने हत्या के प्रयास के प्रकरण के फरार आरोपी निवासी दुर्गा कॉलोनी बिजावर नाका के पास छतरपुर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन में धारा 307, 294, 323, 506, 325, 34 आईपीसी के तहत प्रकरण दर्ज था वह वारदात के बाद से ही फरार था। फरार आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय पेश किया गया वहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इसी तरह सिविल लाईन थाना पुलिस ने ही दो विभिन्न प्रकरणों में फरार दो स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। इन्हें भी न्यायालय से जेल भेजे दिया गया है।

### अंचल में सुबह से छाया कोहरा, दोपहर बाद दिये हल्की धूप ने दर्शन

# कोहरे व सर्द हवाओं से ठिठुरन बढी, 16 डिग्री पर पहुंचा पारा





**छतरपुर, देशबन्धु।** इस बार नवंबर महीना के अंत में सर्दी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। दो दिनों से छाए बादलों से सर्दी बढ गई है। बुधवार को सुबह से कोहरा छाया रहा। कोहरे के साथ सर्द हवाओं से मौसम की पहली सर्दी सताने लगी है। न्यूनतम तापमान 16 डिग्री तक पहुंच गया है।

जिस तरह से छतरपुर जिले में तेज गर्मी का असर रहता है उसी तरह सर्दी भी तेज पड़ती है। खजुराहो और नौगांव का तापमान बेहद नीचे आ जाता है। फरवरी के अंत तक तेज सर्दी असर दिखाती है। इन दिनों बादल और कोहरा छाए रहने से मौसम में बदलाव सर्दी के रूप में महसूस होने लगा है। लोगों को गर्म कपडे पहनकर या आग से तापकर सर्दी से बचाव करते देखा गया है। मंगलवार बुधवार की रात से चलने वाली सर्द हवाओं के कारण मौसम तेजी से बदलने लगा है। रात में धुंध छाने लगी, जो सुबह इतनी धनी हो गई कि सडक पर कुछ दूरी तक देखने में भी परेशानी हुई। रात से सुबह तक चारों ओर फैली कोहरे की चादर से जहां यातायात प्रभावित रहा। कोहरे और धुंध का नजारा शहर के साथ साथ पूरे जिले में छाया रहा। सुबह के वक्त भी कोहरा छटा नहीं। बादलों में धुंध छाई रहने और हवाओं में सर्दी घुलने से दिन में भी लोग ठिठुरने लगे। सूरज सुबह से दोपहर तक बादलों की ओट में छुपा रहा।

दोपहर बाद जब कोहरे की पर्त कुछ कम हुई और बादल छंटे तो कुछ समय के लिये सूरज नारायण ने दर्शन दिये। मौसम की पहली सर्दी में न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। ऐसे में सुबह से बच्चों को ठिठुरते हुये स्कूल जाते देखा और लोग भी सुबह से अपने घरों ने निकलने में कतराते रहे। मौसम के मिजाज में अचानक आये इस परिवर्तन से लोगों को कड़ाके की ठंड से दो चार होना पड़ रहा है। राहगीरों को सुबह और रात में आने जाने में समस्या हो रही है।

#### इस बार 20 कोल्ड डे, 15 दिन चलेगी शीत लहर

ऐसा माना जाता है कि अंचल में ठंड का मौसम 65 से 80 दिन का होता है। दिसंबर से ठंड बढ़ती है, जनवरी में पीक पर पहुंचती है। बात पिछले साल की सर्दी की करें तो 15 अक्टूबर से 15 फरवरी 2022 तक 120 दिनों में 93 दिन और 81 रात में ठंड पड़ी थी। इनमें से 45 दिन ऐसे थे जब तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। मौसम विभाग में 16 दिन कोल्ड डे घोषित किए थे जबकि 10 बार शीत लहर चली थी। मौसम विभाग का अनुमान है कि इस बार 20 कोल्ड डे और 15 दिन कडाके की शीत लहर चलेगी। 29 नवंबर से एक नया सिस्टम सक्रिय हो रहा है। जिससे पूरे सप्ताह हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रह सकता है। इन दिनों पश्चमी विक्षोभ पंजाब के आसपास हवा के उपरी भाग में और मध्य प्रदेश में भी एक चक्रवात बना है। इसके कारण छतरपुर और टीकमगढ जिलों में कही कहीं गरज चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। 30 नवंबर के बाद धीरे धीरे मौसम साफ होने लगेगा। दिसंबर के पहले सप्ताह से तापमान मे गिरावट के कारण सर्दी बढेगी और दूसरे सप्ताह में तेज ठंड का असर दिखाई देने लगेगा।

#### सर्दी से बचाएं बच्चों और बुजुर्गों की सेहत

मौसम की पहली सर्दी बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर भारी पड सकती है। सर्दी से बच्चों और बुजुर्गों को पूरी तरह से सर्तक रहने की सलाह देते हुये डा सुनील अग्रवाल का कहना है सर्दी से जहां बच्चों को जुखाम, खांसी, बुखार और निमोनिया का खतरा सबसे अधिक होता है। वहीं ऐसे बुजुर्ग जिन्हें हाई बीपी, डायबिटीज और हार्ट डिसीज है वे सर्दी में पूरी तरह सतर्क रहकर हर तरह से बचाव करें। सर्दी का जैसे ही थोड़ा भी असर दिखे तो गुनगुना पानी पियें, विक्स की भाप लेना आरंभ कर दें। ज्यादा परेशानी महसूस होने लगे तो तुरंत किसी योग्य चिकित्सक से सलाह लेकर समय से उपचार करें तो अधिक समस्या से बचा जा सकता है।


## पुलिस चैकिंग और बदमाशों की धरपकड़ में जुटी



**छतरपुर, देशबन्धु।** पुलिस इन दिनों छतरपुर सहित पूरे जिले में कांबिंग गस्त में जुटी है। इस दौरान मुख्य मार्गों पर वाहनों की चैकिंग कर रही है। साथ ही लंबे समय से फरार बदमाशो की धरपकड भी की जा रही है। छतरपुर रेंज के डीआईजी ललित शाक्यवार और पुलिस अधीक्षक अमित सांघी के निर्देशन में एएसपी विक्रम सिंह सहित जिले के सभी एसडीओपी और थानों की पुलिस रात को कांबिंग गश्त में जुटी है। कांबिंग गश्त के दौरान जिले के सभी थानों के अंतर्गत पृथक पृथक चेकिंग पॉइंट लगाकर वाहन चेकिंग की जा रही है। सभी ढाबा, होटल, एटीएम, बस स्टैंड पर चैकिंग अभियान चलाकर कार्यवाही की गई है। एसपी अमित सांधी ने बताया कि इस दौरान 11 वारंटी पकडे गये। 5 स्थाई वारंटी और 1 अन्य आरोपी को पकडने में पुलिस को कामयाबी मिली है।

इसी तरह गुंडा चेकिंग अभियान के तहत 177 आरोपितों की पडताल की गई। उन्हें किसी भी तरह की वारदात से दूरी बनाये रखने की चेतावनी भी दी गई। इसके साथ 29 जिला बदर बदमाषों को चैक किया गया। 115 निगरानी बदमाश. और 27 ऐसे बदमाषों को चैक किया गया जो जेल से रिहा होकर आये हैं। आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 11 प्रकरण, जुआ अधिनियम के 3 प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। इसी तरह 150 लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है।

## स्मारकों के साइलेंट जोन में विचरण कर रहे मवेशी



**छतरपुर, देशबन्धु।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटक स्थल खजुराहो के साइलेंट जोन में बेसहारा मवेशी विचरण कर रहे हैं। जो खजुराहो के मंदिरों को निहारने के लिये आने वाले पर्यटकों के लिये मुसीबत बन रहे हैं।

खजुराहो के चंदेलकालीन मंदिर यूनेस्को द्वारा जारी की गई सूची में विश्व धरोहर के रूप में शामिल किये गये हैं। ये मंदिर पुरातत्व विभाग के संरक्षण में चारों ओर से सौ मीटर के दायरे में घेरकर वहां बाकायदा गेटों के जरिये साइलेंट जोन में लाये गये हैं। साइलेंट जोन में मंदिरों के सामने वाहन और मवेशियों को प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। मतंगेश्वर मंदिर और पश्चिमी मंदिर समूह तक पर्यटक सडक के जरिये पैदल ही जाते हैं। इसके बावजूद साइलेंट जोन में बेसहारा मवेशियों और साइकिल सवारों को बेरोकटोक विचरण करते देखा जा सकता है। ये मवेशी पर्यटकों के लिये असुविधा की वजह बन रहे हैं। इस बात का खतरा बना रहता है कि कहीं ये मवेषी यहां आने वाले पर्यटको पर हमला न कर दें या साइकिल सवारों के कारण आने जाने मे परेशानी आये। इस ओर से जिम्मेदार पूरी तरह से अंजान बने हैं।

## कृषि उपज मंडी कार्यालय में लग रही सब्जी मंडी, विभाग बेखबर



**नौगाँव, देशबंधु।** कृषि उपज मंडी कार्यालय प्रांगण में सब्जी बिक्रेताओं का कब्जा धीरे धीरे नगरपालिका ठोक देगी दावा यह अतिक्रमण दिन दहाड़े हो रहा है मंडी प्रशाशन बेखबर है जबकि इसी प्रांगण से कब्जा हटाने में प्रशाशन को भारी मशक्कत करनी पड़ी थी दशकों तक अदालती रोक मुकदमा बाजी चलती रही जब कब्जाधारी अदालत से हार गए और निराश हुए मगर कब्जा नही छोड़ रहे थे उस समय के तत्कालीन एसडीएम बिनय द्विवेदी और तहसीलदार बीपीसिह द्वारा मोके पर खड़े होकर जेबीसी मशीन से अतिक्रमण मुक्त करायी गयी थी मगर दो बर्ष से यहां पर सब्जी मंडी लगने लगी और जो भी मंडी सचिव रहे उन्होंने इस ओर कोई ध्यान नही दिया और अतिक्रमण जारी है लापरवाह मंडी प्रशासन तो लापरवाह है ही साथ ही एसडीएम नौगाँव जो मंडी के भारसाधक अधिकारी है उन्होंने भी कभी इस ओर ध्यान नही दिया आज इस ओर कार्यवाही नही होती तो कल यह जी का जंजाल साबित हो सकता है कृषि उपज मंडी सचिव का ध्यान आकृष्ट करवा रहे है।

## आज से शुरू होगी खजुराहो से झांसी के बीच मेमो ट्रेन

**छतरपुर, देशबन्धु।** 30 नवंबर से खजुराहो से छतरपुर होकर झांसी ने लिये नई मेमो ट्रेन दौडने लगेगी। जानकारी के अनुसार मंगलवार यानि 29 नवंबर को ये नई ट्रेन झांसी से खजुराहो पहुंच गई है। अब 30 से इसका विधिवत सचालन होने लगेगा। बताया गया है कि ये नई मेमो ट्रेन खजुराहो से सुबह 4 बजे झांसी के लिए रवाना होगी। जो 5 बजकर 35 मिनट पर छतरपुर आयेगी, यहां दो मिनट रूकने के बाद टीकमगढ की ओर रवाना हो जायेगी। जो 5 बजकर 26 मिनट पर टीमकगढ स्टेशन पर पहुंच जायेगी। इसके बाद ललितपुर होते हुये दिन में 10 बजकर 45 मिनट पर झांसी पहुंचेगी।

इस नई ट्रेन की सुविधा मिलने से यात्रियो को रेलमार्ग से छतरपुर से झांसी तक कम खर्च में जाने की सुविधा मिल जायेगी। वहीं भोपाल जाने वाले यात्रियों को इस ट्रेन से ललितपुर तक जाकर वहां से भोपाल की ओर जाने वाली ट्रेन पकडने की सुविधा भी मिलेगी।

## उपसंचालक कृषि ने लिया बुवाई, फसल और खाद वितरण का जायजा

**छतरपुर, देशबन्धु।** उपसंचालक कृसि डा बीपी सूत्रकार ने कई गांवों में जाकर खेतों में बुवाई, जहां बुवाई हो चुकी है वहां फसल को देखा। इसके साथ खाद के भंडारण और वितरण व्यवस्था का जायजा लिया है। इन दिनो खेतों में फसल की बुवाई जोरों पर चल रही है। किसान बीज लेकर खेतों में खाद के साथ बोनी कर रहे हैं। इसी तारतम्य में उपसंचालक कृषि डॉ बीपी सूत्रकार ने ग्राम चौका, गुलगंज, सेंधपा, भगवां, बड़ामलहरा, पनवाड़ी तथा घुवारा का भ्रमण किया है।

इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के किसानों के द्वारा बोई गई फसलों का अवलोकन किया। डा सूत्रकार ने बताया भ्रमण के दौरान पाया गया कि कुछ किसान खेतों में पलेवा कर रहे हैं। कुछ किसान बीज की बुवाई में जुटे हैं। जहां समय से बुवाई की जा चुकी है उन किसानों के खेतों में फसल के अंकुर निकल आये हैं। जिसमें यूरिया खाद का छिड़काव किया जा रहा। उन्होंने बताया खेतों के भ्रमण करके समीक्षा में पाया गया कि जिले में लगभग 80 से 85 प्रतिशत बुवाई पूरी हो चुकी है। 10 से 15 प्रतिशत बुवाई योग्य रकवा शेष है।

भ्रमण के दौरान उन्होंने डबल लाक वितरण केंद्र बड़मलहरा और घुवारा जाकर वहां खाद के भंडारण की वस्तुस्थिति की भी समीक्षा की। जिसमें डीएपी और कॉम्प्लेक्स उर्वरक का मौके पर वितरण होते देखा गया। जबकि यूरिया खाद की स्थिति निरंक पाई गई। डा सूत्रकार ने बताया जिले में खाद की पूर्ति के लिए वरिष्ठ कार्यालय को पत्र भेजा गया है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि यूरिया एवं डीएपी की खाद शीघ्र ही जिले को मिल जायेगी। भ्रमण के दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जेपी मनया भी साथ रहे।



## हार-जीत का दांव लगा रहे 4 जुआरी पकड़े, ताश के 52 पत्तों के साथ 62 हजार जप्त

**नौगांव, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुड़वारा में हार जीत का दाव लगा रहे चार जुआरी पुलिस के हत्थे चढ़ गये। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मुड़वारा में चार युवक जुआ खेल रहे थे जिसकी सूचना एसडीओपी चंचलेश मरकाम को लगी। वह थाना पुलिस के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे तो जुआरी पुलिस को देखकर भागने लगे।

पुलिस ने घेराबंदी करके चारो आरोपियों को पकड़ा जिनके पास से ताश के 52 पत्ते और 62 हजार रूपये नकद जप्त किये गये। पुलिस ने चारो के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।



### सिद्धचक्र महामण्डल विधान में दस दिन बही धर्म की गंगा

# धूमधाम से निकली श्रीजी की शोभायात्रा, सुख समृद्धि की कामना की





**छतरपुर, देशबन्धु।** सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान एवं मुनिश्री विलोक सागर जी और मुनिश्री विवोध सागर के सानिध्य में बुधवार को धूमधाम से श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। अतिशयक्षेत्र डेरापहाड़ी जैन मंदिर में 19 नवम्बर से प्रारम्भ हुआ सिद्धचक्र महामंडल विधान बुधवार को दसवें दिन श्रीजी के पूजन, अभिषेक, संगीतमयी आरती, विश्वशांति एवं मानव कल्याण हेतु सामूहिक हवन के साथ हर्षोल्लास से सम्पन्न हो गया। विधान के समापन पर श्री जी की एक भव्य शोभायात्रा डेरापहाड़ी से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। जिसमें सौधर्म इंद्र ने अपने वैभव के साथ श्रीजी को बेहद सुंदर रथ में विराजे थे। यह शोभायात्रा छत्रसाल चौराहा, महल तिराहा, पुलिस लाइन होती हुई पुनः डेरापहाडी पहुंच कर संपन्न हुई। जिसके बाद श्रीजी को मंदिर मे विराजमान किया गया।

इस विधान में आठ प्रमुख इन्द्रो ने पद प्राप्त कर भक्ति की। जिसमे सौधर्म इंद्र प्रमुख इंद्र का पद अशोक जैन कुपी रिटायर्ड डाक अधिकारी, कुबेर इंद्र का पद सिंघई उमेश बंडावालो ने प्राप्त किया। अन्य प्रमुख पात्र यज्ञनायक सुनील कुपी, महायज्ञ नायक शुभम जैन कुपी, सनत इंद्र राकेश जैन शिक्षक, माहेन्द्र इंद्र सौरभ जैन, ईशान इंद्र जिनेन्द्र जैन पहाडगांववालो ने प्राप्त कर धर्म प्रभावना की। दो प्रमुख भरत चक्रवर्ती और बाहुवली पद का निर्वहन संजीव बासल और आरके जैन एमपीईबी ने किया।

#### शांतिधारा, पूजन आरती से किया पवन विधान

*जैन समाज के डा सुमति प्रकाश जैन के अनुसार इस पावन विधान की शुरुआत प्रतिदिन सुबह सात बजे से नित्य पूजन अभिषेक एवं शांतिधारा के साथ होती रही। जिसमें श्रद्धालु पारम्परिक केशरिया, पीले एवं श्वेत वस्त्रों की वेशभूषा में धार्मिक अनुष्ठान में सम्मिलित हुए। विधान के समापन पर विद्वानों, विशिष्टजन, सहयोगियों तथा मंदिर के कार्यकर्ताओं का भावभीना सम्मान किया गया। इस पूरे विधान में समाज के श्रद्धालु स्त्री, पुरुष एवं युवाओं ने उत्साह के साथ सम्मिलित होकर धर्मलाभ लिया। इस विधान में नगर के कोने कोने से श्रद्धालु सहभागिता के लिए अपने अपने घरों से अष्टद्रव्यों तथा आरती को सजाकर अतिशय क्षेत्र पहुंचे। यहां श्रीजी का मंगल पूजन एवं आरती करते रहे हैं। यहां प्रतिदिन सायं सात बजे महापात्रों के घर से गाजेबाजे के साथ महाआरती डेरापहाड़ी हेतु निकलती रही। अपने प्रवचनों में रोजाना नवीन भैया जी ने धार्मिक शास्त्रोक्त प्रेरक बातों को जीवन में उतारने का संदेश दिया। प्रतिदिन रात्रि में धर्म केंद्रित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद श्रद्धालुओं ने लिया। यह विधान पं बाल ब्रह्मचारी नवीन भैया जबलपुर के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। जैन समाज के अध्यक्ष अरूण जैन अन्नू, उपाध्यक्ष अजय फट्टा, रीतेश जैन, महामन्त्री स्वदेश जैन, सहमंत्री अजित जैन, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र जैन, डेरापहाडी क्षेत्र प्रबंधक आरके जैन ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं का धर्मलाभ लेने तथा सहयोग करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।*

सागर, बुधवार 29 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# हादसा और हकीकत

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में प्रचार का दौर अब खत्म हो गया है। 28 नवंबर की शाम को मतदान के आखिरी दौर यानी तेलंगाना में चुनावों के पहले का प्रचार भी खत्म हो गया। इससे पहले मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में चुनाव हो चुके हैं। 30 तारीख को तेलंगाना में मतदान होगा और उसके बाद 3 दिसंबर को नतीजे आ जाएंगे। यानी 30 नवंबर से 3 दिसंबर तक प्रधानमंत्री के पास कम से कम चुनावों का कोई काम नहीं होगा। वर्ना वे साल में तीन चौथाई समय इसी में व्यस्त रहते हैं। बचा एक चौथाई वक्त, हरी झंडी दिखाने, मंदिरों में पूजा-पाठ, नियुक्ति पत्र वितरण या फिर मन की बात में निकल जाता है। अभी पांच राज्यों के चुनाव थे, तो श्री मोदी की व्यस्तता अत्यंत बढ़ गई थी। आखिर सारे कामों में सबसे जरूरी उनके लिए भाजपा का प्रचार करना ही तो है। उन्हें भाजपा की खातिर विश्वकप क्रिकेट का फाइनल मुकाबला देखने अहमदाबाद जाना पड़ा, फिर बंगलुरू में तेजस में उड़ान भरनी पड़ी, इसके बाद तिरूपति जाकर बालाजी के दर्शन भी करने पड़े और इन सबके बीच 26 नवंबर को उन्होंने मन की बात भी की। भाजपा सही कहती है कि श्री मोदी 18 घंटे काम करते हैं। मात्र तीन घंटे सोने वाले श्री मोदी दिल्ली से ढाई हजार किलोमीटर दूर मणिपुर नहीं जा पाए। वे दिल्ली से 423 किमी दूर सिलक्यारा भी कम से कम इन पंक्तियों के लिखने तक नहीं पहुंच पाए।

उत्तरकाशी का सिलक्यारा 17 दिनों पहले तब सुर्खियों में आया, जब दीपावली के दिन खबर आई कि यहां बनाई जा रही साढ़े चार किमी की सुरंग में 41 मजदूर फंस गए हैं। कार्तिक अमावस्या की काली रात, जब देश का आसमान घुप्प स्याह हो गया था और लोग दीयों से अपनी जिंदगियों में रौशनी भरने में लगे थे, तब इन मजदूरों और इनके परिजनों के लिए रात और काली हो गई थी। अमावस्या से पूर्णिमा तक दिन गुजरते गए, इस दौरान इन मजदूरों के परिजन हर पल आस लगाए बैठे रहे कि किसी तरह उनके अपने अंधेरी सुरंग से बाहर निकल आएं। बचाव और राहत कार्य की कोशिशें जारी रहीं। विदेशों से मशीन मंगाई गई, उससे काम नहीं बना तो दूसरे तरीके आजमाए गए। मजदूरों से किसी तरह संवाद कायम रखा गया, उनकी खैर-खबर ली जाती रही। किसी ने बताया कि दैवीय प्रकोप यानी देवता के रुष्ट होने के कारण यह हादसा हुआ तो सुरंग के मुहाने पर बाबा बौखनाग का मंदिर अस्थायी तौर पर बनाया गया। यहां के लोगों में से कुछ का कहना है कि सुरंग बनाने के लिए पहले बने यहां के मंदिर को हटाया गया था, इसलिए यह हादसा हुआ। अब यह सोचने वाली बात है कि प्रकोप का शिकार मजदूर ही क्यों बने। अगर उन्होंने मंदिर पहले तोड़ा भी था, तो वो किसी के आदेश पर ही किया था, और ऐसे में सारा दोष आदेश देने वाले का हुआ, मजदूरों का नहीं। लेकिन जब बात धार्मिक मान्यताओं की हो तो वहां तर्कों को खारिज कर दिया जाता है। मुख्यमंत्री धामी ने अपने ट्वीट में सबसे पहले बाबा बौखनाग की कृपा ही मानी है कि सभी मजदूरों के निकलने की आस बनी है।

कल ही यहां पूर्व सेनाध्यक्ष और केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री वी के सिंह पूजा करते भी दिखे। एक टीवी चैनल ने ये भी दिखाया कि मंदिर के पास ही चट्टान पर एक आकृति उभरी है, जो शिवजी की तरह लग रही है। अमूमन आम लोग इस तरह की बातें करते हैं कि किसी पेड़ पर, फल को बीच में या चट्टान पर किसी देवता या देवी की आकृति नजर आई। यह विशुद्ध आस्था की बातें होती हैं और इनका कोई ठोस वैज्ञानिक आधार नहीं होता। जिस आकृति में एक धर्म के लोगों को अपने ईष्ट नजर आ सकते हैं, वही आकृति दूसरे धर्म के लोगों के लिए महज एक डिजाइन हो सकती है। पत्रकारिता में ऐसी बातों का जरा भी स्थान नहीं होना चाहिए। क्योंकि इनसे हम किसी न किसी तरह अंधविश्वास को बढ़ावा देते हैं। कहने को तो 21 सितंबर 1995 को पूरे देश में भगवान गणेश की प्रतिमाओं ने दूध पीना शुरु कर दिया था, यह खबर दुनिया भर के देशों में भी फैली थी और वहां भी कई भारतीयों ने मूर्ति को दूध पिलाने की कोशिश की थी। अफवाह फैलाने का एक सफल प्रयोग सिद्ध हुआ था और यह तय हो गया था कि भारतीयों के पास अगर चांद तक पहुंच रखने वाला दिमाग है, तो अंधविश्वासों को खुद पर हावी होने देने वाला दिल भी है। इस दिल और दिमाग के बीच जुगलबंदी बिठाते हुए सत्ता का खेल बखूबी खेला जा रहा है।

बहरहाल, जिसकी जो निजी आस्था है, वो उसे अपने तक सीमित रखे, उसका सार्वजनिक बखान बिल्कुल नहीं होना चाहिए। मगर अब न पत्रकारिता में ऐसे मूल्यों को महत्व दिया जा रहा है, न राजनीति में। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक खबर ये है कि सिलक्यारा की सुरंग में बस दो मीटर की खुदाई और करना है, फिर मजदूरों को बाहर निकाला जा सकता है। मजदूर आज की रात खुली हवा में सांस ले पाएंगे और कल का सूरज देख पाएंगे। उनका हौसला बना रहे, इसके लिए एक दूसरे पाइप के जरिए एंबुलेंस और भोजन-पानी पहुंचाया जा चुका है। बाहर निकलते ही मजदूरों के स्वास्थ्य की देखभाल का इंतजाम किया गया है। सुरंग में ये बचाव कार्य भारत का अब तक सबसे बड़ा ऑपरेशन माना जा रहा है। और इस ऑपरेशन में लगे तमाम लोगों की पहचान उनकी योग्यता और काम से हो सकती है, कपड़ों से नहीं।

अगर पहचान करनी ही है तो अब उन कारणों को पहचानना चाहिए, जिसकी वजह से ये हादसा हुआ और 41 जिंदगियां खतरे में पड़ गई। चारधाम यात्रा को साल भर करने की जिद पहाड़ों पर भारी पड़ रही है। हिमालय नया पहाड़ है और इस पर पड़ने वाले दबाव का अंजाम केदारनाथ हादसे में देश भुगत चुका है। प्रकृति और विज्ञान दोनों की चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए पहाड़ में सुरंग खोदी जा रही है। आश्चर्य नहीं होगा, अगर कुछ दिनों की शांति के बाद यहां फिर से काम शुरु हो जाए। और सुरंग बनने के बाद प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री उसका उद्घाटन करते दिखें।

# जमीनी मुद्दों के साथ धर्मनिरपेक्षता पर लौटता राजनीतिक विमर्श

जिन पांच राज्यों की विधानसभाओं के लिये चुनाव निर्धारित हुए हैं उनमें से अंतिम तेलंगाना में गुरुवार को मतदान सम्पन्न हो जायेगा। मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश एवं राजस्थान सभी में मतदान पहले ही हो चुका है। इन सभी प्रदेशों के नतीजे एक साथ 3 दिसम्बर को आयेंगे। इन प्रादेशिक चुनावों का महत्व केवल सत्ता पर काबिज होने का नहीं रह गया है। उसके फलादेश को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखे जाने की ज़रूरत है। इसका महत्व सिर्फ इसलिये भी नहीं है कि ये चुनाव अगले साल के मध्य में होने जा रहे लोकसभा चुनाव के ऐन पहले हुए हैं। कायदे से तो जम्मू-कश्मीर के भी दिसम्बर में किये जाने थे परन्तु निर्वाचन आयोग एवं केन्द्र सरकार की न तो तैयारी दिखती है और न ही मंशा। हर बार की तरह सियासत की मुख्य धारा से अलग और बिलकुल भिन्न तरह के मुद्दों पर लड़ा जाने वाला जम्मू-कश्मीर का चुनाव जब भी होगा, इन राज्यों के मुकाबले अलग तासीर वाला रहेगा।

पिछले करीब साल भर से जो राजनीतिक परिदृश्य निर्मित हुआ है, उससे साफ है कि ये चुनाव लोकसभा-2024 के लिये जो विमर्श रचेंगे, उनमें जमीनी मुद्दों के साथ धर्मनिरपेक्षता का आयाम भी लौटेगा। भावी भारत किस राह चलेगा, यह भी इन्हीं 5-6 महीनों में तय हो जायेगा। वैसे जनसरोकार हो या धर्मनिरपेक्षता- दोनों को ही बेपटरी करने का काम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 में बनी केन्द्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी ने किया है। पहले कार्यकाल (2014-19) में उसकी शुरुआत हुई और 2019 में प्रारम्भ हुई उनकी दूसरी कार्यावधि के दौरान उसमें प्रगाढ़ता आई। ऐसे में जब तीसरी बार पीएम बनने मोदी को जनादेश लेने के लिये जनता के बीच जाने में आधा साल भी नहीं बचा है, ऐसे कोई चिन्ह दिखलाई नहीं देते कि वे किसी नयी राह पर चलकर लोगों से वोट मांगेंगे। इसका कारण यही है कि इस बीच उन्होंने न तो यथार्थवादी मुद्दों पर काम किया और न ही साम्प्रदायिक सौहार्द्र व सामाजिक सद्भाव को महत्ता दी। इसके उलट उन्होंने सामजिक विभाजन तथा ऊर्ध्वाधर व क्षैतिज दोनों ही तरह से समाज को बांटने का काम किया है। इसके भरपूर दृष्टांत पिछले नौ-साढ़े नौ साल के दौरान देखने को मिले। इसलिये यह सवाल बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या अगले चुनावों में ऐसा एजेंडा निर्धारित हो पायेगा जिससे देश अपनी खोई हुई लय को पा जाये? यूं तो दोनों ही मसले समान महत्व के हैं परन्तु कह सकते हैं कि जनहित के मुद्दों से हटने के कारण लोगों का जो आर्थिक नुकसान हुआ है उसकी तो बड़े प्रयासों से भरपायी हो सकती है, लेकिन लोगों के बीच जो विभाजन और सामाजिक विखंडन हुआ है, उसको ठीक करने में लम्बा समय लगेगा। वैसे भी आने वाली सरकारें अगर जमीनी मुद्दों पर नये सिरे से पहल करती है तो उसका कोई विरोध न होगा क्योंकि आर्थिक लाभ सभी को सुहाता है- वैचारिक मतभेदों के बावजूद; परन्तु लोगों को फिर से जोड़ने एवं समाज को एक सूत्र में पिरोने की अगर कोशिशें होती हैं तो उसका विरोध उन्हीं शक्तियों द्वारा जारी रहेगा जो पिछली करीब एक शताब्दी से सक्रिय रही हैं और जिन्होंने देश को कभी एक न होने देने के लिये एड़ी-चोटी का जोर लगाये रखा।



डॉ. दीपक पाचपोर

> **ध्रुवीकरण की काट तो सशक्तिकरण ही है। जातिगत जनगणना, न्याय योजनाएं, कर्ज माफी, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, न्याय योजनाएं आदि ऐसे अनेक मुद्दे हैं जो कांग्रेस के हाथ मजबूत कर सकते हैं। कर भी रहे हैं। इन्हीं के बल पर कांग्रेस राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के अलावा तेलंगाना भी जीत सकती है। कर्नाटक के चुनावी नतीजों ने कांग्रेस का ठोस मुद्दों की राजनीति में जो विश्वास मजबूत किया है, उसे आगे बढ़ाने में इन पांच राज्यों के परिणाम मदद करेंगे।**

इन पांच राज्यों के चुनावों के परिणामों के जैसे अनुमान लगाये जा रहे हैं, अगर वैसा हुआ तो धर्मनिरपेक्षता के भी केन्द्र में लौटने की आशा बंधती है। इसका कारण यह है कि इन चुनावों में मतदाताओं की दिलचस्पी केवल आर्थिक मुद्दों पर नहीं थी। यह सच है कि लोग शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महंगाई, भ्रष्टाचार, केन्द्रीकृत पूंजीकरण पर बातें करने लगे हैं और अब इन्हें जीवन के ज़रूरी हिस्से मानने लगे हैं। फिर भी, कर्नाटक चुनाव से जनता के बीच जो हिलोरें उठी थीं वे इन राज्यों तक पहुंचते-पहुंचते बड़ी लहरें बन चुकी हैं जिनमें भाजपा की नाव डूबती नज़र आ रही है- पांचों राज्यों में। मिजोरम तथा तेलंगाना में तो वह वैसे भी मैदान से बाहर हो चुकी है। राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में वह विकास पर कोई बात नहीं कर पाई, जबकि उसके तीनों मुख्यमंत्रियों ने इन सूबों पर लम्बा वक्त राज किया है- क्रमशः वसुंधरा राजे सिंधिया, शिवराज सिंह एवं डॉ. रमन सिंह। इसकी बजाय उसने ध्रुवीकरण को ही आजमाना तय किया। राजस्थान में कन्हैयालाल की हत्या को उठाया तो छत्तीसगढ़ में कवर्धा व बीरनपुर (बेमेतरा) के मामलों को केन्द्र में रखा। बीरनपुर कांड में मारे गये भुनेश्वर साहू के पिता ईश्वर साहू को उसने साजा विधानसभा क्षेत्र में कद्दावर नेता रवींद्र चौबे के खिलाफ चुनावी मैदान में उतारा। मध्यप्रदेश में कोई घटना विशेष का इसलिये ज़िक्र नहीं किया क्योंकि वहां उसी की सरकार है। तो भी साम्प्रदायिकता का विषय कभी पीछे नहीं छूटा। वहां ध्रुवीकरण की जो भी कोशिशें हुईं वे अपनी सरकार को बचाने, उसे निर्दोष साबित करने और कांग्रेस को दोषी साबित करने वाली थीं। हालांकि वहां भ्रष्टाचार, एक आदिवासी युवक के सिर पर सवर्ण द्वारा पेशाब करने जैसे मामले अधिक मुखर रहे।

दरअसल राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से धर्मनिरपेक्षता का विमर्श शुरू हुआ था। नफरत के खिलाफ निकाली गई मोहब्बत की इस यात्रा का मकसद उसी वैमनस्यता को खत्म करना था जो हिदुओं-गैर हिंदुओं तथा हिंदुओं के भीतर अगड़ों-पिछड़ों के बीच भाजपा ने घुसाया है। सवाल अब यह है कि ऐसे में जब मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस और उसके अन्य 27 सहयोगी दल, जो अब संयुक्त प्रतिपक्ष यानी इंडिया के हिस्से हैं तथा वे भी जन सरोकारी राजनीति पर उतरे हुए हैं, उन्हें सकारात्मक जवाब देने भाजपा अपनी राह बदलेगी? सम्भवतः नहीं। इसका कारण यह है कि अब भी पार्टी का प्रमुख या कहें तो एकमात्र चेहरा मोदी ही हैं जिनकी लोकप्रियता का आधार ही उनका ध्रुवीकरण की राजनीति में पारंगत होना है। विकास के मामले में उनका ट्रैक रिकार्ड बेहद खराब है। इसलिये दरकती छवि के बावजूद भाजपा व मोदी अब भी ध्रुवीकरण के ही एजेंडे पर कायम हैं। राममंदिर के शिलान्यास की तिथि नज़दीक आ रही है- 22 जनवरी, 2024 और इसमें मुख्य अतिथि (शायद अकेले) मोदी रहेंगे और पार्टी इस संदेश को देश के घर-घर तक पहुंचाने की तैयारी कर चुकी है। न करती तो आश्चर्य होता। राजस्थान का चुनाव जिस शाम खत्म हुआ, मोदी का मथुरा में मीरा जन्मोत्सव और उस स्थान पर जाना जहां कृष्ण का जन्म हुआ था, संकेत देता है कि अयोध्या के बाद अब बारी मथुरा की है। अगले दिन तिरुपति बालाजी मंदिर में मोदी का पहुंचना बतलाता है कि भाजपा के पास कोई अन्य मुद्दा शेष नहीं है और 2024 का चुनाव अंततः इन्हीं तरीकों से लड़ा जाएगा।

इसके बावजूद कहा जा सकता है कि ध्रुवीकरण की काट तो सशक्तिकरण ही है। जातिगत जनगणना, न्याय योजनाएं, कर्ज माफी, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, न्याय योजनाएं आदि ऐसे अनेक मुद्दे हैं जो कांग्रेस के हाथ मजबूत कर सकते हैं। कर भी रहे हैं। इन्हीं के बल पर कांग्रेस राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के अलावा तेलंगाना भी जीत सकती है। कर्नाटक के चुनावी नतीजों ने कांग्रेस का ठोस मुद्दों की राजनीति में जो विश्वास मजबूत किया है, उसे आगे बढ़ाने में इन पांच राज्यों के परिणाम मदद करेंगे। भाजपा की दिक्कत यह है कि अब अगर वह अपना एजेंडा बदलना भी चाहे तो उसके पास इस मोर्चे पर साख बनाने का वक्त नहीं है। फिर उनके अपने समर्थक ही उनसे मुंह मोड़ लेंगे।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)**

# गाजा संघर्ष ने बढ़ाया धार्मिक नेताओं के बीच मतभेद

■ **जेम्स एम डोर्सी**

7 अक्टूबर को इज़रायल पर हमास के हमले ने सिर्फ मुस्लिम राजनीतिक नेताओं को ही विभाजित नहीं किया है, बल्कि इसने धार्मिक हस्तियों और संस्थानों को भी इस बात पर अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त करने के लिए विवश किया कि 21वीं सदी में इस्लाम का क्या मतलब है, जो इसके बारे में एक गहरे विभाजन को दर्शाता है।

मतभेदों के मूल में इजरायल-फिलिस्तीनी विभाजन के दोनों किनारों पर निर्दोष पीड़ितों के साथ सहानुभूति रखने की क्षमता और इच्छा है, भले ही ध्यान गाजा पर इजरायल के हमले, पश्चिम के दोहरे मानकों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नरसंहार पर और लड़ाई पर दीर्घकालिक रोक लगाने में विफलता पर हो।

यह विभाजन इजरायलियों और यहूदियों के बीच प्रतिबिंबित होता है, जिनमें से कई को निर्दोष फिलिस्तीनी नागरिकों की अत्यधिक पीड़ा के प्रति बहुत कम सहानुभूति है।

निश्चित रूप से, अधिकांश मुस्लिम धार्मिक नेताओं का मानना है कि हमास का हमला 1967 के मध्य पूर्व युद्ध के दौरान जीती गई फिलिस्तीनी भूमि पर दशकों के कब्जे और फिलिस्तीनी प्रतिरोध को दबाने और एक स्वतंत्र राष्ट्र की स्थापना को विफल करने के लिए बनाई गई इजरायली नीतियों से उपजा है।

कई लोग यह भी तर्क देते हैं कि गाजा में अंधाधुंध इजरायली बमबारी और जमीनी हमले ने 14,000 से अधिक गाजावासियों को मार डाला, 30,000 से अधिक अन्य को घायल कर दिया, और जीवन की बुनियादी सुविधाओं के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया। इसने हमास के हमले की क्रूरता को भी पीछे छोड़ दिया, जिसके कारण 1,200 लोगों की मौत हुई जिसमें ज्यादातर नागरिक इजरायली थे।

> **गाजा युद्ध ने इजरायल-फिलिस्तीनी विभाजन के दोनों किनारों पर मनुष्यों की सबसे विनाशकारी प्रवृत्ति- अस्तित्व, क्रोध, भय, निराशा और प्रतिशोध- को जन्म दिया है। युद्ध मुस्लिम और यहूदी धार्मिक नेताओं के लिए एक अग्निपरीक्षा है कि क्या वे लड़ाई से ऊपर उठ सकते हैं और मानवीय और नैतिक रूप से बचाव योग्य स्थिति अपना सकते हैं? अब तक, वे काफी हद तक परीक्षण में विफल रहे हैं।**

मुस्लिम धार्मिक नेताओं और विद्वानों के बीच विभाजन मुसलमानों के स्पेक्ट्रम के दो ध्रुवों की प्रतिक्रिया में स्पष्ट है जो खुद को उदारवादी के रूप में परिभाषित करते हैं।

इसमें शरिया और राजनीतिक बहुलवाद में सर्वोच्चतावादी और भेदभावपूर्ण धाराओं को हटाने के लिए इस्लामी न्यायशास्त्र में सुधार की वकालत करने वाले धार्मिक नेताओं और विद्वानों से लेकर निरंकुशों से जुड़े धार्मिक हस्तियां और संस्थान तक शामिल हैं, जिनमें से कुछ अधिक सामाजिक स्वतंत्रता के पक्षधर हैं, लेकिन असहमति को दबाते हैं और धार्मिक कानून में सुधार का विरोध करते हैं।

इस्लाम की 'उदारवादी' व्याख्याओं में विविधता यह परिभाषित करने के संघर्ष को दर्शाती है कि 21वीं सदी में उदारवादी इस्लाम का क्या अर्थ है। यह आस्था की उदारवादी और अधिक उग्रवादी अभिव्यक्तियों के बीच विभाजन को भी प्रतिध्वनित करता है जो तुर्की के राष्ट्रपति रेसेपतैयपएर्दोगन से लेकर ईरान के जिहादियों तक फैली हुई है।

7 अक्टूबर के हमले में नागरिक इजरायलियों की बेतहाशा हत्या के साथ, मुस्लिम ब्रदरहुड से प्रेरित एक इस्लामी समूह हमास, जो अपने राष्ट्रवाद को धार्मिक आवरण में छुपाता है, ने इस्लाम के उदारवादी और अधिक उग्रवादी अभिव्यक्तियों के बीच की रेखाओं को धुंधला कर दिया है।

विभिन्न दृष्टिकोणों की गड़बड़ी अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के अनुपालन को सुनिश्चित करने और आतंकवादियों को शरिया में वैधीकरण खोजने की क्षमता से वंचित करने के लिए मुस्लिम धार्मिक न्यायशास्त्र में सुधार की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है।

दुनिया के सबसे बड़े और सबसे उदारवादी, इंडोनेशिया स्थित मुस्लिम नागरिक समाज आंदोलन, नहदलातुलउलमा और काहिरा स्थित इस्लामी शिक्षा के 1,053 साल पुराने गढ़ अल-अजहर की गाजा युद्ध की प्रतिक्रियाओं में विरोधाभास, इस गड़बड़ी को उजागर करता है।

इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष के 'न्यायपूर्ण' समाधान का आह्वान करते हुए एक बयान में, नहदलातुलउलमा ने आग्रह किया कि धार्मिक प्रेरणा- जिसमें सार्वभौमिक प्रेम और करुणा, मानव भाईचारा और न्याय के मूल्य शामिल हैं - को हर समय सार्वजनिक जागरूकता में सबसे आगे लाया जाना चाहिए और जमीनी स्तर से लेकर राज्य सत्ता के गलियारों तक, समाज के हर स्तर पर संघर्ष को सुलझाने में मदद करना चाहिए।

बयान में मुसलमानों से 'बढ़ती (इजरायली-फिलिस्तीनी) हिंसा में मारे गये सभी लोगों की आत्माओं के लिए सामूहिक रूप से प्रार्थना करने का आह्वान किया गया।'

इसने आगे वकालत की कि 'हर जगह लोग और सरकारें... नफरत और शत्रुता को बढ़ावा देने के लिए पहचान को हथियार बनाने या धर्म की अपील करने से बचें, जिसमें इज़रायल और फिलिस्तीन के बीच संघर्ष और हिंसा भी शामिल है।'

बयान के बाद, नहदलातुलउलमा ने 'मध्य पूर्व हिंसा और नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के खतरों को संबोधित करने में धर्म की भूमिका' पर चर्चा करने के लिए मुस्लिम और गैर-मुस्लिम धार्मिक अधिकारियों को एक शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया है।

इसके विपरीत, अलअज़हर ने अपने बयान में कहा, 'हम फ़िलिस्तीनी लोगों के प्रतिरोध के प्रयासों को गर्व से सलाम करते हैं।' इसने फिलिस्तीनियों के प्रति 'ईमानदारी से संवेदना' व्यक्त की, जो 'अपनी मातृभूमि और राष्ट्र की रक्षा के लिए शहीद हो गये' और मारे गये निर्दोष इजरायलियों का कोई उल्लेख नहीं किया गया।

अलअज़हर के ग्लोबल फतवा सेंटर ने हमास के दावे को दोहराते हुए एक धार्मिक राय जारी की कि कोई भी इजरायली निर्दोष नहीं है, क्योंकि इजरायल के बयान उस छवि को पेश करते हैं जिसके अनुसार सभी गाजावासी आतंकवादी और हमास के समर्थक हैं।

फतवे में कहा गया, 'नागरिक' शब्द कब्जे वाली भूमि पर ज़ायोनी निवासियों पर लागू नहीं होता है। बल्कि, वे उस भूमि पर कब्ज़ा करने वाले हैं जो अधिकारों को हड़पते हैं, पैगम्बरों के तरीकों की उपेक्षा करते हैं और ऐतिहासिक यरूशलेम में पवित्र स्थलों पर हमला करते हैं।'

यह स्पष्ट नहीं है कि क्या फतवा 1967 के मध्य पूर्व के दौरान इज़रायल द्वारा जीती गई फिलिस्तीनी भूमि पर बसने वालों का जिक्र कर रहा था या सभी इजरायली यहूदियों को बसने वालों के रूप में परिभाषित किया गया।

हमास के हमले का समर्थन करते हुए, विभिन्न वरिष्ठ अलअज़हर मौलवियों ने यहूदियों को 'वानरों और सूअरों के शापित वंशज' के रूप में वर्णित किया।

किसी भी बिंदु पर गाजा से संबंधित अन्य आधिकारिक अलअज़हर बयानों और व्यक्तिगत विद्वानों की घोषणाओं में धर्म, नस्ल या पंथ की परवाह किये बिना निर्दोष नागरिकों की हत्या की निंदा नहीं की गई।

गाजा युद्ध ने इजरायल-फिलिस्तीनी विभाजन के दोनों किनारों पर मनुष्यों की सबसे विनाशकारी प्रवृत्ति- अस्तित्व, क्रोध, भय, निराशा और प्रतिशोध- को जन्म दिया है।

युद्ध मुस्लिम और यहूदी धार्मिक नेताओं के लिए एक अग्निपरीक्षा है कि क्या वे लड़ाई से ऊपर उठ सकते हैं और मानवीय और नैतिक रूप से बचाव योग्य स्थिति अपना सकते हैं? अब तक, वे काफी हद तक परीक्षण में विफल रहे हैं।

## पावन प्रसंग

# मितव्ययी बनें, आय-व्यय का संतुलन बनाएं

पारिवारिक बंधन का महत्वपूर्ण पहलू धन है। इसी के आधार पर घर की सारी भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति होती है। देखा जाए तो परिवार की सर्वाधिक शक्ति का उपयोग अर्थोपार्जन में ही जाता है। पुराने जमाने की बात नहीं करें। लेकिन जब से महंगाई ने अपना मुंह बड़ा किया है, तब से परिवार के परिजनों का जीवनयापन बड़ी कशमकशपूर्ण परिस्थिति में होने लगा है, क्योंकि आय के स्रोत सीमित हैं- महंगाई आय के अनुपात से अधिक बढ़ गई है। इस कारण घर खर्च पूरा नहीं पड़ता है। दूसरी ओर शान-शौकत के मूल्यों ने जीवन को विलासी बना दिया है। इन मूल्यों को पूरा करने के लिए परिवार के बजट का अधिकांश भाग खर्च होने लगा है। प्राथमिक आवश्यकता रोटी पर आजकल बहुत कम व्यय होता है। कपड़ा और अन्य विलासी सामानों पर भारी व्यय होने से परिवार के सामने अर्थ समस्या हर घड़ी बनी रहती है। इसकी पूर्ति के लिए परिवार के हर परिजन को कुछ-न-कुछ प्रयत्न भी करने पड़ते हैं।

परिवारों में शान-शौकत के पीछे एक दृष्टिकोण पनप गया है कि बढ़िया फर्नीचर, कीमती वस्तुओं टेलीफोन, फ्रीज आदि द्वारा रिश्तेदारों में और अपने संपर्क के लोगों पर अपना प्रभाव डाले रखना चाहिए। कहीं ऐसा न हो कि उनका परिवार दूसरों के सामने हीन समझा जाए। चाहे पति हो या पत्नी घर में इनमें से कोई एक भी इस शान-शौकत से भरी झूठी जिंदगी का हामी रहा तो घर में बड़ी समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं।

विलासी वस्तुओं को अल्प वेतन में तो नहीं खरीद पाता है। अस्तु, वह इन शान-शौकत की वस्तुओं को उधार खरीदने लगता है। इसका परिणाम होता है कि वेतन का दो-तिहाई हिस्सा उधार ब्याज पूरा करने में ही खर्च हो जाता है। शेष वेतन में पत्नी घर का खर्च कैसे चलाए, क्योंकि घर में अच्छा भोजन, अच्छा साधारण रहन-सहन तथा अच्छा वातावरण इन तीनों की पूर्ति के लिए कुछ-न-कुछ वेतन का अधिक भाग व्यय करना पड़ता है। वह सब किस्तों की पूर्ति में खर्च हो जाता है। इस बात को लेकर पति-पत्नी के बीच झगड़ा आदि भी होते रहते हैं। किंतु किया क्या जाए?

शान-शौकत भी रखी जा सकती है, किंतु इसका क्रम में रोटी, कपड़ा, मकान आदि के पश्चात आता है। यदि इन पर खर्च होने के बाद कुछ बचता है, तो शान-शौकत इतनी ऊंची भी न हो कि हैसियत की चादर को ही फाड़ डाले। फिर वक्त जरूरत के लिए बचत का भी बजट रहना चाहिए। घर की अनिवार्य आवश्यकताओं के पश्चात कीमती वस्तुएं परिवार के उपयोग में आने वाली हैं, तो किस्तों की अपेक्षा मासिक बचत करके कुछ महीनों के बाद कीमत चुकाकर ही खरीदना अधिक लाभदायक है क्योंकि किस्तों में तो दुकानदार ब्याज-बट्टा खाता आदि सभी गुंजाइश रखकर किस्त बांधता है। अच्छा यही है कि आवश्यक वस्तुओं की ओर दृष्टि जानी चाहिए।

घर में उधार के कारण पत्नी, बच्चे तथा परिवार के परिजनों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। बाहर चाहे शान-शौकत दिखाई देती है, किंतु मन के भीतर ऋण का भार कचोटता रहता है। इससे मानसिक अशांति बनी रहती है। इस अशांति का प्रक्षेपण बच्चों-पत्नी पर आए दिन हुआ करता है। कहना चाहिए पारिवारिक जीवन में अव्यवस्थित वातावरण तैयार हो जाता है। क्या ये शान-शौकत की कीमती वस्तुएं मानसिक शांति को दूर कर सकने में मदद कर सकती हैं। प्रदर्शन में दूसरों का अनुकरण न करें। सादगी को आदर्श मानकर अपनी क्षमता और आवश्यकता के अनुरूप खर्च करेंगे तो जीवन सुखी और संतुष्ट बनेगा।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नही

दुनिया के प्रत्येक देश में आतंकवाद किसी न किसी रूप में आज मौजूद है। आतंकवाद कहीं रंगभेद, कहीं भाषा विभेद, कहीं राजनीतिक विचारधाराओं में विरोध और कहीं रंगभेद के कारण ,नस्ली समस्या आतंकवाद का कारण बनी है। यह समस्याएं हथियारों से सुलझाने के प्रयास में अत्यंत हिंसक बन गई हैं।

मानसिक विकृति के शिकार कुछ बंदूकधारियों द्वारा निरीह लोगों की हत्या कर अपना मकसद साध लेना ही आतंकवाद की श्रेणी में नहीं आता है, बल्कि शक्तिसंपन्न राष्ट्रों द्वारा अपनी विस्तारवादी सामंती अवधारणा को पूरा करने के लिए छोटे देशों पर हमला करना भी आतंकवाद ही है। इजराइल-हमास, रूस-यूक्रेन युद्ध इसका ताजा उदाहरण है, अमेरिका की दादागिरी, चीन का पागलपन, उत्तर कोरिया की सनक इन सबके वीभत्स उदाहरण हैं जो अपनी व्यवसायिक ,सामरिक और मानसिक सनक को पूरा करने के लिए किसी भी देश को नेस्तनाबूद कर नागरिकों पर कहर ढाकर उन्हें मौत के घाट उतार देते हैं। यह सब अंतरराष्ट्रीय सामूहिक बलात आतंकवाद ही हैं। भारत एक सशक्त और बलशाली देश होने के बावजूद शांति की नीति को अपनाए हुए है और वैश्विक शांति का संदेश भी देने का प्रयास कर रहा है। ऐसे देशों को साधुवाद देना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महाबली राष्ट्रों की विस्तारवादी तथा सामंती गतिविधियों की सार्वजनिक निंदा भी की जानी चाहिए।

कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट, हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम में विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य करना ही राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा ,जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखंड ,बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलतः सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग-अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं, यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, रेल, रेल पटरियों वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है, जो पूरे भारत में धीरे-धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं। आतंकवाद केवल भारत में न होकर उसका साम्राज्य वैश्विक स्तर पर भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फैला हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद ने अनेक घटनाओं को जन्म देकर विश्व शांति सद्भावना की मूल कल्पना को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है।

आतंकवाद को वृहद रूप देने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने भी बड़ा साथ दिया है, आतंकवादियों, नक्सलवादियों और नस्ल वादियों के लिए रसायनिक, नाभिकीय, जैविक मानव बम जैसे आधुनिक हथियार उपलब्ध होने से यह आतंकवादी गतिविधियां और भी खतरनाक हो गई है। इसके अलावा मीडिया में इंटरनेट उपलब्धता से यह सारी सरकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो जाती है इससे आतंकवादी और ज्यादा खतरनाक साबित हो रहे हैं।

**संजीव ठाकुर**

# हर चक्र में होगी रेण्डम आधार पर 2 ईव्हीएम के मतों की गणना

## प्रेक्षक करेंगे क्रॉस चेक

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतगणना की विशुद्धता सुनिश्चित करने के लिए इस विधानसभा चुनाव में मतों की गणना के प्रत्येक चक्र के अंत में दो मतदान केन्द्रों की ईव्हीएम मशीनों का रेण्डम आधार पर चयन करने तथा गिनती की पुनः जांच करने के निर्देश दिये हैं।

निर्वाचन आयोग के मुताबिक मतगणना की विशुद्धता की जांच के लिए रेण्डम आधार पर दो ईव्हीएम का चयन कर दोबारा गिनती करने की यह कार्यवाही आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों द्वारा सम्पन्न कराई जायेगी। इस कार्य में प्रेक्षकों की सहायता हेतु रिजर्व पूल में रखे गये गणना सुपरवाईजरों एवं गणना सहायकों का चयन किया जायेगा। गणना सुपरवाईजरों और गणना सहायकों का यह चयन भी रेण्डम आधार पर होगा। निर्वाचन आयोग ने रेण्डम आधार पर चयनित की गई ईव्हीएम मशीनों से मतों की गणना के लिए उसी मतगणना कक्ष में अलग से व्यवस्था करने के निर्देश भी दिये हैं।

निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक उन्हें उपलब्ध कराये गये अतिरिक्त मतगणना कर्मचारियों की सहायता से रेण्डम आधार पर की गई जांच में प्रत्येक अभ्यर्थी को प्राप्त मतों की गिनती से संतुष्ट हो जाने के बाद ही उस चक्र की मतगणना परिणाम पत्र पर प्रतिहस्ताक्षर करेंगे। आयोग के मुताबिक रेण्डम आधार पर चयनित ईव्हीएम मशीनों पर पड़े मतों की दोबारा की गई जांच में यदि किसी गणना कर्मी को गलत नोट करते पाया जाता है, तो उसे तुरंत गणना कार्य से हटा दिया जायेगा तथा दूसरे गणना कर्मी को उसके स्थान पर प्रतिस्थापित किया जायेगा। गलती करने वाले कर्मचारी पर बाद में उसकी भूल-चूक के लिए गंभीर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

# भोपाल में मावठे का 10 साल का रिकॉर्ड टूटा

## रुक-रुककर हो रही बारिश दिन का पारा 2.6 डिग्री गिरा

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल में इस मौसम का पहला मावठा गिरना शुरु हो गया है। रविवार रात 2 बजे से शुरू हुई हल्की बारिश सोमवार को भी रुक - रुक कर जारी है। इससे ठंड का असर बढ़ गया और लोग गर्म कपड़ों में ही घर से बाहर निकले।



मौसम विभाग के अनुसार रात से सोमवार तक भोपाल में 8.2 मिलीमीटर यानी 0.23 इंच पानी गिर चुका है। भोपाल में 10 साल में पहली बार नवंबर में 8.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वर्ष 2013 से 2023 बारिश के आंकड़ों पर नजर डालें, तो सिर्फ तीन साल बारिश हुई। वर्ष 2019 में 0.6 मिलीमीटर और 2020 में 0.2 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि इस बार 8.2 मिलीमीटर बारिश हो जाने से पिछले 10 सालों का रिकार्ड टूट गया। वहीं बाकी सालों में बादल छाए रहे। मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि वर्तमान में कच्छ के आसपास हवा के ऊपरी भाग में 12 किलोमीटर की ऊंचाई तक एक शक्तिशाली द्रोणिका बनी हुई है, जबकि गुजरात के आसपास हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। वहीं पाकिस्तान के मध्य में एक प्रेरित चक्रवात बना हुआ है। इसके अतिरिक्त उत्तरी मप्र के मध्य में भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इन चार मौसमी सिस्टमों के असर से प्रदेश के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में गरज-चमक के साथ बारिश हो रही है। 30 नवंबर के बाद भी एक और पश्चिम विक्षोम सक्रिय हो रहा है। इससे प्रदेश के जिलों में ठंड का असर बढ़ेगा। हालांकि, नमी की वजह से रात के तापमान में गिरावट की बजाय एक-दो डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। दिसंबर के पहले सप्ताह तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहेगा। लेकिन दूसरे सप्ताह से तेज सर्दी का असर बढ़ने लगेगा।

# चलती मोटर साइकिल से गिरी महिला, मौत

## पहले मासूम बच्चा गोद से गिरा था, उसे बचाने के प्रयास में कूदी थी मां



**भोपाल, देशबन्धु।** बैरसिया इलाके में बीमार मां से मिलने जा रही महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया गया है कि महिला पति के साथ मोटर साइकिल पर सवार होकर जा रही थी, तभी उनकी गोद से मासूम बच्चा गिर या। चलती बच्चे को बचाने मां भी गाड़ी से कूद गई। इससे मां की मौत हो गई, जबकि बच्चे की हालत नाजुक है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ममता मोगिया पत्नी सौदान मौगिया उम्र 40 वर्ष डिपरियाई शमशाबाद में रहती थीं। ममता रविवार की शाम को पति के साथ मोटर साइकिल पर सवार होकर अपने मायके महुखेड़ा रही थीं। उनकी गोद में उनका मासूम बेटा था। मायके के करीब ग्राम महुआखेड़ा में ममता की गोद से उनका मासूम बच्चा चलती गाड़ी से गिर गया। उसे पकड़ने के प्रयास में ममता भी कूद गई। इससे उनके सिर में गंभीर चोट आई थी। आनन-फानन में मां और बच्चे दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां सिर में गंभीर चोट लगने के कारण अधिक खून बहने से ममता की मौत हो गई। अस्पताल से मिली सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया और ससोमवार की दोपहर को शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। साथ ही मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतका के समधी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि ममता पांच बच्चों की मां थीं। उनकी मौत के बाद परिवार में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनकी बीमार मां की हालत बेटी की मौत की खबर सुनने के बाद अधिक बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा है।

# दाऊदी बोहरा समाज ने नशा मुक्ति पर की कार्यशाला



**भोपाल, देशबन्धु।** अंजुमन-ए-मोहम्मदी दाऊदी बोहरा जमात भोपाल ने धर्म गुरू सयदना मुफ्फदल सैफुद्दीन के आदेश से सोमवार को हैदरी जमातखाना अलीगंज में नशा मुक्ति कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला का उद्देश्य नशीली दवाओं और शराब से लेकर, पान गुटखा सहित सोशल मीडिया, मोबाइल फोन, सोशल मीडिया, गेमिंग और भावनात्मक लत के दायरे को व्यापक बनाना था। कार्यशाला में भोपाल जमात के आमिल शेख जोहर शाकिर ने कहा कि आज के युग में नशा केवल नशीली वस्तुओं का ही नहीं है , सोशल मीडिया, मोबाइल फोन,ऑन लाइन गेमिंग और जंक फूड भी युवा पीढ़ी की लत बन गए हैं। इन सब से निकलना ही सबसे महत्वपूर्ण है। इसी को ध्यान में रखते हुए कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला का संचालन नशामुक्ति कोच हुसैन और मिस्टर रंजीत मडगावकर द्वारा किया गया, जो स्वयं व्यसनों के नकारात्मक प्रभावों से गुजर चुके हैं।

## स्टेंडिंग कमेटी की बैठक आज

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेष शर्मा की अध्यक्षता में 29 नवम्बर को सायं 4 बजे से स्टेंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई है। सभी संबंधित अधिकारियों को सूचित किया गया है कि वे अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहें।

## पीड़ित को चचेरे भाई ने मारा हथौड़ा, केस दर्ज

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** कस्बा के वार्ड नं 7 में मकान की दीवार छांटने पर दो चचेरे भाइयों में विवाद हो गया। इस विवाद में फरियादी शाहरुख खान पिता मुन्ना खान 27 साल निवासी दिगौड़ा के साथ उसके चचेरे भाई ताजुद्दीन खान ने गाली गलौज, झगड़ा, जान से मारने की धमकी दी गई। फरियादी गाली देने से मना किया तो आरोपी ने फरियादी के हाथ में हथौड़ा मार दिया। इस घटना में फरियादी को उंगली में चोट आ गई। फरियादी ने अपने छोटे भाई इदरीश खान के साथ पुलिस थाना में रिपोर्ट की गई। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी ताजुद्दीन खान के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# महिला से ठेकेदार ने केरवा के जंगल में किया दुष्कर्म

**भोपाल, देशबन्धु।** महिला थाना पुलिस ने नीलबड़ में रहने वाली एक महिला की शिकायत पर ठेकेदार के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। महिला का आरोप है कि 24 नवंबर की रात ठेकेदार उसे मोटर साइकिल से घुमाने के लिए केरवा बांध के पास ले गया था और वहां वारदात को अंजाम दिया।महिला थाना पुलिस ने बताया कि नीलबड़ निवासी 45 साल की महिला घरों में काम करती है। उसने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी ठेकेदार मुकेश वर्मा से उसकी पहचान थी। दोनों में पहचान होने के कारण बातचीत चलती । इसके साथ ही मुकेश उसे लिफ्ट देने के बहाने घर तक अपनी बाइक से छोड़ने लगा। मुकेश ने जनवरी 2023 में उसके साथ पहली बार दुष्कर्म किया था। इसके बाद उसने मुकेश से बात करना बंद कर दिया। 24 नवंबर को मुकेश ने उसे केरवा बांध में घुमाने के बहाने बुलाया। वह मोटर साइकिल से रात करीब 10 बजे केरवा जंगल में लेकर पहुंचा। वहां डरा धमकाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने उससे मारपीट भी की थी। महिला की इस शिकायत पर आरोपी ठेकेदार मुकेश के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

## कुएं में डूबने से युवक की मौत

बैरसिया थाना क्षेत्र में एक युवक की कुएं में डूबने से मौत हो गई। बैरसिया थाना पुलिस के मुताबिक ग्राम बारेलाखेड़ा निवासी 18 वर्षीय राहुल पुत्र भारत सिंह मीणा अपने घर के पास स्थित कुएं से पानी निकालने पहुंचा था। इस दौरान पैर फिसलने से वह कुएं में गिर गया। घटना के तुरंत बाद स्वजन उसे कुएं से बाहर निकालकर अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सक ने जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## प्राकृतिक खेती के विस्तार के लिए प्रयास होंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** संयुक्त संचालक कृषि बी.एल.बिलैया ने बताया है कि जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों के साथ मिलकर सभी उपाय किए जायेंगे । उन्होंने कहा हैं कि मध्यप्रदेश की खेती- किसानी में बढ़ते पेस्टिसाइड और रासायनिक खाद के उपयोग को रोकने के जैविक खाद निर्माण की प्रक्रिया को बढ़ाया जाएगा। श्री बिलैया ने बताया कि गौशालाओं में निजी भागीदारी भी सुनिश्चित करने के प्रयास करेंगे, जिससे जैविक खाद निर्माण में और अधिक बेहतर परिणाम प्राप्त हो सके। पशुपालन विभाग के साथ कृषि विभाग के वैज्ञानिक अनुसंधान कर संभाग की गौशालाओं को आत्म-निर्भर बनाएंगे। निजी सहभागिता से चलने वाली गौशालाओं की सतत निगरानी की जाएगी।

# डॉ. विक्रम ने जीते सर्वाधिक स्वर्ण पदक

**भोपाल, देशबन्धु।** कर्नाटक में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय मास्टर तैराकी प्रतियोगिता में भोपाल के डॉ.विक्रम बाथम ने व्यक्तिगत स्पर्धा में 4 स्वर्ण और 1 रजत जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा समेत टीम ने उन्हें इस विजय के लिए बधाई दी। कर्नाटक स्थित मंगलौर में 24 से 26 नवंबर तक आयोजित हुई तैराकी प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की टीम ने 10 स्वर्ण, 8 रजत और 8 कांस्य जीतकर अपना परचम लहराया। भोपाल के डॉ. विक्रम बाथम ने प्रदेश के लिए सबसे ज्यादा चार स्वर्ण हासिल किए। जबकि उज्जैन के तैराक दिलीप जोशी ने व्यक्तिगत स्पर्धा में 3 स्वर्ण1 रजत और 1 कांस्य पदक जीता, भोपाल के तैराक डॉक्टर कृष्णचंद्र रैकवार ने 4 रजतऔर 1 कांस्य पदक मेडल, सुनील पारिख ने 2 रजत और 1 कांस्य पदक जीता। महिला वर्ग में भोपाल की तैराक कमलजीत कौर ने व्यक्तिगत स्पर्धा में 2 स्वर्ण और एक कांस्य पदक हासिल किया। पूर्णिमा जोशी ने 2रजत, 1 कांस्य और नंदा मजूमदार ने 3 कांस्त पदक जीत कर भोपाल का नाम रोशन किया।



# सेन्ट्रल सेक्टर स्कीम ऑफ स्कॉलरशिप के लिए आवेदन 31 दिसम्बर तक

**भोपाल, देशबन्धु।** मानव संसाधन विकास मंत्रालय उच्च शिक्षा विभाग भारत सरकार द्वारा प्रायेजित एवं माध्यमिक शिक्षा मण्डल के माध्यम से महाविद्यालयीन एवं विश्वविद्यालयीन विद्यार्थियों को वितरित की जाने वाली सेन्ट्रल सेक्टर स्कीम ऑफ स्कॉलरशिप फॉर कॉलेज एण्ड यूनिवर्सिटीज स्टुडेण्ट की नवीन एवं नवीनीकरण छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया 1 अक्टूबर से प्रारंभ हो गई है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित की गयी है। मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल की हायर सेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2023 में उत्तीर्ण 80 से अधिक पर्सेन्टाइल अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी नवीन छात्रवृत्ति हेतु तथा वर्ष 2019 से वर्ष 2022 तक के चयनित विद्यार्थी नवीनीकरण छात्रवृति हेतु आवेदन नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर केवल ऑनलाइन ही भरेंगे। विद्यार्थियों को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर सेन्ट्रल सेक्टर स्कॉलरशिप हेतु उपलब्ध दिशा-निर्देशों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने के पश्चात ही छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने की सलाह दी गई है।

# रक्तदान शिविर का आयोजन किया



**भोपाल, देशबन्धु।** खुश्बू महिला एवं बाल कल्याण समिति द्वारा भोपाल मेमोरियल अस्पताल के सहयोग से फुलवारी मार्केट अरेरा कालोनी मे रक्तदान शिविर मे का आयोजन किया गया, जिसमे बड़ी संख्या में लोगों की उपस्तिथि हुई। शिविर में संस्था के सचिव अयान अली द्वारा भी रक्तदान किया गया। संस्था की अध्यक्ष श्रीमती निकहत अली और वार्ड पार्षद शिखा गोयल द्वारा रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

# नेशनल लोक अदालत 9 दिसम्बर को

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष श्री अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में इस वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 दिसम्बर को किया जायेगा।सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एसपीएस बुन्देला के अनुसार नेशनल लोक अदालत के लिए सभी न्यायाधीश, नोडल न्यायिक अधिकारी, विद्युत विभाग, नगरपालिका, बैंक, पुलिस, यातायात पुलिस, दूरसंचार विभाग एवं प्रशासन के अधिकारियों तथा बीमा कम्पनियों के अधिकारियों, अधिवक्ताओं सहित पक्षकारों के साथ प्री-सिटिंग बैठकें आयोजित की जा रही है। बुन्देला द्वारा आव्हान किया गया है कि नेशनल लोक अदालत में अपने प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति के आधार पर कराया जाकर लोक अदालत का लाभ उठाये। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भोपाल एवं तहसील विधिक सेवा समिति वैरसिया से सम्पर्क किया जा सकता है।

# बोर्ड परीक्षा के कमजोर विद्यार्थियों की कराई जा रही है विशेष तैयारी

**भोपाल, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा पांच फरवरी से शुरू हो रही है। बोर्ड के विद्यार्थियों के पास मात्र दो माह का समय शेष है। चुनाव के कारण अब तक कुछ स्कूलों का पाठ्यक्रम पूरा नहीं हो पाया है। हालांकि छह दिसंबर से नौवीं से 12वीं तक की छमाही परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इसके बाद प्री-बोर्ड और बोर्ड परीक्षा भी होगी। ऐसे में सौ प्रतिशत परिणाम लाने वाले स्कूलों ने विशेष तैयारी शुरू कर दी है। कुछ स्कूलों में त्योहार की छुट्टी और रविवार को भी कक्षाएं लगाकर तैयारी कराई जा रही है। साथ ही कुछ स्कूलों में कमजोर व प्रतिभावान विद्यार्थियों की सूची तैयार कर तैयारी करवाई जा रही है।

उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य सुधाकर पाराशर ने बताया कि विद्यालय में प्रतिभावान व कमजोर विद्यार्थियों का अलग-अलग ग्रुप बनाया गया है। प्रतिभावान विद्यार्थियों के ग्रुप की आनलाइन कक्षाएं शाम को लगाई जा रही है। इसमें शिक्षक शाम सात से आठ बजे तक विद्यार्थियों के डाउट्स क्लीयर करते हैं। वहीं कमजोर विद्यार्थियों के लिए स्कूल में सुबह आठ से नौ बजे तक अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की जा रही है। साथ ही छुट्टी के दिन सभी की कक्षाएं लगाई जा रही है। इसमें एक-एक सवाल पर विद्यार्थियों को समझाया जा रहा है। साप्ताहिक टेस्ट भी लिए जा रहे हैं।

सीएम राइज स्कूल शासकीय उमावि बरखेड़ी के प्राचार्य केडी श्रीवास्तव ने बताया कि स्कूल में अवकाश के दिनों में भी कक्षाएं लगाई जा रही है। इसमें तिमाही परीक्षा से कमजोर विद्यार्थियों को चिन्हित कर उनकी उपलब्धि स्तर में सुधार करना उनकी समझ को पहचान कर उन्हें सिखाने का प्रयास करना है। इस कक्षा में कमजोर विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण प्रश्नों को हल करने का अभ्यास कराया जा रहा है। ऐसे विद्यार्थी जिनकी उपस्थिति कम है उनकी काउंसलिंग की जा रही है। कक्षा से अनुपस्थित रहने वाले कमजोर विद्यार्थियों की उपलब्धि स्तर सुधारने और उनकी स्कूल में उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए स्कूल के शिक्षकों को वार्डन बनाया गया है।

सीएम राइज स्कूल निशातपुरा में हर दिन अतिरिक्त कक्षाएं लगाईं जा रही हैं। साथ ही हर त्योहार और रविवार को भी कक्षाएं लगाई जा रही हैं। तिमाही परीक्षा के परिणाम के आधार पर प्रत्येक कक्षा शिक्षक को कमजोर विद्यार्थियों की जिम्मेदारी दी गई है, ताकि उन्हें अलग से पढ़ा सकें। इसके अलावा क्लास में हर महीने परीक्षा लेकर टापर को चिन्हित कर उसकी फोटो लगाई जाती है, ताकि अन्य विद्यार्थी प्रेरित हो सकें।

# बरकतउल्ला विवि में परीक्षा आवेदन भरने की संशोधित तारीखें जारी

**भोपाल, देशबन्धु।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर नियमित, स्वाध्यायी, एटीकेटी संबद्ध कॉलेजों के लिए पीजी परीक्षा फार्म भरने की संशोधित तारीखें जारी की हैं।

विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत तृतीय सेमेस्टर स्नातकोत्तर के परीक्षा आवेदन आनलाइन के माध्यम से भरे जा सकते हैं। इनमें एमए, एमकाम, एमएससी, एमएससी होमसांइस, मास्टर ऑफ सोशल वर्क, एमए यौगिक सांइस नियमित, स्वाध्यायी, एटीकेटी परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा आवेदन पत्र (सत्र 2023-2024.) एमपी आनलाइन के माध्यम से भरे जाने हैं। जारी तिथियों के अनुसार सामान्य शुल्क के साथ फार्म 30 नवंबर तक भरे जा सकेंगे। विलंब शुल्क 300 रुपये के साथ आवेदन एक से चार दिसंबर के बीच भरे जाना है। वहीं विशेष विलंब शुल्क 1000 रुपये के साथ छह दिसंबर से परीक्षा शुरू होने के तीन दिन पहले तक फार्म भरे जा सकेंगे।

वहीं विश्वविद्यालय ने यूजी व पीजी के विभिन्न पाठ्यक्रमों की पीजी तीसरे, पांचवें और सातवें सेमेस्टर की नियमित व एटीकेटी की परीक्षाएं 11 दिसंबर से शुरू होना है। इसे लेकर इस बार विवि प्रबंधन नकल प्रकरण पर रोक लगाने के लिए चार उड़नदस्तों की टीम गठित की जा रही है। पिछली परीक्षाओं में 150 नकल प्रकरण बने थे। सभी में मोबाइल व ब्लूटूथ के जरिए नकल प्रकरण सामने आए थे। इस बार एहतियात अधिक बरते जाएंगे।

उधर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने पीजी प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के नामांकन का कार्य अभी पूरा नहीं हो सका है, जबकि शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार 22 नवंबर से परीक्षा शुरू होनी थी। लेकिन विश्वविद्यालय प्रबंधन ने अब तक परीक्षा की समय-सारिणी जारी नहीं की है। अब यह परीक्षा दिसंबर अंत या जनवरी के प्रथम सप्ताह में हो सकती हैं। फिलहाल पीजी तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरे जा रहे हैं। परीक्षा फार्म जमा करने की आखिरी तारीख 21 नवंबर थी। वहीं विलंब शुल्क के साथ 30 नवंबर तक फार्म भर सकते हैं।

# युवक ने महिला की ब्लैकमेलिंग से तंग आकर दी थी जान

**भोपाल, देशबन्धु।** जहांगीराबाद इलाके में रहने वाले युवक ने पूर्व परिचित महिला की प्रताड़ना से तंग आकर जान दी थी। बताया गया है कि आरोपी महिला पुराने संबंधो का हवाला देकर युवक कों फंसाने की धमकी देती थी। वह उसे लगातार पैसे देने की मांग करती थी। आए दिन की धमकियों से तंग आकर युवक ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली थी। इस मामले में दो साल की जांच के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपी महिला की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

जहांगीरागाद पुलिस के मुताबिक 38 वर्षीय राजकुमार जौहर बापू कॉलोनी में रहता था। वह बिटनरी कॉलेज में साफ-सफाई का करता था। उसने करीब दो साल पहले 9 नवंबर 2021 को जहरीला पदार्थ खा लिया था। इलाज के दौरान अस्पताल में 17 नवंबर 2021 को मौत हो गई थी। पुलिस ने मौके से नौ पन्नों का पत्र बरामद किया था।

इस पत्र के आधार पर दो साल तक चली जांच में पुलिस ने पाया कि राजकुमार की दोस्ती मोहल्ले में रहने वाली मीना मौर्य नाम की महिला से थी। दोनों के बीच जब नजदीकियां बढ़ीं तो राजकुमार मीना की पैसे देकर मदद करने लगा। कुछ समय बाद महिला की शादी हो गई लेकिन शादी के बाद वह अपने पति के साथ जिंसी चौराहे के पास रहने लगी। इसके बाद भी वह राजकुमार से पैसों की मदद मांगती रही। राजकुमार के पास जब पैसे होते थे तो व दे देता था लेकिन बाद में उसने कहा कि मेरा भी परिवार जिसके कारण मेरे पास पैसे नहीं बचते हैं। राजकुमार की इस विवशता के बाद भी वह पैसे मांगती रही। वह धमकी भी देती थी कि अगर पैसे नहीं दिए तो वह अपने भाइयों को पूरी बात बता देगी। साथ ही थाने में रिपोर्ट कर देगी। इस पूरी जांच के बाद के बाद पुलिस ने मीना मौर्य के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का प्रकरण दर्ज कर लिया है।


**कार्यालय वनसंरक्षक सामाजिक वानिकी वृत्त, सागर (म. प्र.)**

07582-236278, Fax: 07582-236278, E-mail: ccfre.sgr@mp.gov.in

**जाहिर सूचना**

श्री वंशगोपाल कुशवाहा, वनरक्षक, सामाजिक वानिकी, वृत्त सागर, स्थाई पता- ग्राम भड़री तहसील अमरपाटन, रामगढ़, जिला- सतना म.प्र. को सूचित किया जाता है कि आप श्री वंशगोपाल कुशवाहा, (निलंबित) वनरक्षक दिनांक 18.07.2017 से 05.10.2023 तक सामाजिक वानिकी वृत्त, सागर की रोपणी संजय इकाई पन्ना में रोपणी प्रभारी की हैसियत से पदस्थ रहे है। शासकीय कार्यों के निर्वहन में उदासीनता एवं लापरवाही बरते जाने के फलस्वरूप कार्यालयीन आदेश क्र / स्था. / 2023 / 142 दिनांक 05.10.2023 के द्वारा निलंबित किया जाकर मुख्यालय वन विस्तार इकाई उत्तर सागर, सामाजिक वानिकी, वृत्त सागर नियत किया गया।

उक्त आदेश के परिपालन में आप नियत मुख्यालय वन विस्तार इकाई उत्तर सागर में दिनांक 21.11.2023 तक उपस्थित नहीं हुए है। आप दिनांक 11.10.2023 से लापता है। कार्यालयीन पत्र क्रं./ स्था/2023/ 2410 दिनांक 14.11.2023 द्वारा रोपणी संजय वन विस्तार इकाई पन्ना में रोपणी प्रभारी की हैसियत से पदस्थ रहने के दौरान अपने कर्तव्यों के प्रति शासकीय कार्यों के निर्वहन में उदासीनता एवं बरती गई लापरवाही के संबंध में आरोप पत्र जारी किया गया है।

उक्त सूचना प्रकाशित होने की दिनांक से 15 दिवस के भीतर नियत मुख्यालय बन विस्तार इकाई उत्तर सागर में उपस्थित होकर आरोप पत्र का बचाव उत्तर प्रस्तुत करें।

सूचना प्रकाशित होने की दिनांक से 15 दिवस के भीतर आप नियत मुख्यालय या अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में उपस्थित नहीं होते है, तो आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

**(अनिल के. सिंह)**
**मुख्य वनसंरक्षक / पदेन वनसंरक्षक**
**सामाजिक वानिकी वृत, सागर**

जी-21284/23

## सहकारी वेयर हाउस पर लगी तीसरे दिन भी किसानों की भीड़

# पुलिस के पहरे में किसानों को बांटी गई डीएपी और यूरिया

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** खाद की कालाबाजारी और लूट को लेकर किसानों में नाराजगी देखी जाती रही है। कई इलाकों में की गई छापामारी और औचक निरीक्षण के बाद से हालात कुछ हद तक बदलते नजर आए हैं। हालांकि सुधार की काफी गुंजाइश अभी भी बरकरार है। प्रशासन खाद की कालाबाजारी और धांधली पर अंकुश लगाने में अभी भी पूरी तरह से कामयाब होती नजर नहीं आ रही है। बताया गया है कि बिगड़ते हालातों पर अंकुश लगाने और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन को अब पुलिस का सहारा लेना पड़ रहा है। पिछले कई सालों से किसान खाद के लिए लगातार परेशान होता चला आ रहा है। इस संबन्ध में बताया गया है कि सहकारी वेयर हाउस में कई दिनों से खाद की कमी आ रही थी। सुबह से शाम तक किसान लाइन में लगा हुआ था। बिना खाद के ही किसानों को मायूस लौटना पड़ रहा था। लोग यहां खाद के लिए खड़े रहते थे, फिर भी उन्हें खाद नहीं मिल पा रहा था। खाद नहीं होने से तीन दिनों से वेयर हाउस बंद पड़ा रहा। सोमवार को जतारा वेयर हाउस पर डीएपी और यूरिया खाद पर्याप्त मात्रा में पहुंच गया है। खाद की सूचना मिलते ही किसानों की भीड़ वितरण केंद्र पर पहुंची। जिसके कारण प्रबंधन ने डीएपी और यूरिया खाद पुलिस की मौजूदगी में वितरण किया



गया है। बताया गया है कि टीकमगढ़, जतारा और बल्देवगढ़ सहित अधिकांश इलाकों में खाद को लेकर किसानों में मारा–मारी मची हुई है। प्रशासन के लाख प्रयासों के बाद भी व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। बताया गया है कि जतारा विकास खंड मुख्यालय के वेयर हाउस पर बीते शनिवार और रविवार को डीएपी उर्वरक खाद यूरिया खाद की किल्लत बनी रही, लेकिन रविवार को ही रात्रि में किसानों को वितरण किए जाने के लिए पर्याप्त मात्रा में

### खाद की कालाबाजारी को लेकर किसान थे खफा, की जा रही थी कार्रवाई की मांग

खाद जतारा वेयरहाउस को उपलब्ध कराया गया। जिसके बाद मार्केटिंग समिति पर भी खाद भेजा गया। खाद आने के बाद सोमवार को मार्केटिंग समिति और वेयरहाउस पर किसानों को नियम अनुसार डीएपी और यूरिया खाद वितरण किया गया। अधिकारियों का कहना है कि अब खाद की कमी नहीं आने दी जाएगी। पर्याप्त मात्रा में खाद आ चुका है और डीएपी भी पर्याप्त मात्रा में यूरिया भी आ चुका है। यूरिया की मांग के आधार पर शासन स्तर को डिमांड भेजी जा चुकी है।

### निवाड़ी की भी रैक लगना चाहिए टीकमगढ़

किसानों को वितरण होने के लिए डीएपी और यूरिया खाद की रैक अभी निवाड़ी रेलवे स्टेशन पर लगती है। अगर यह रैक निवाड़ी की जगह टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन पर लगने लगे तो समय पर किसानों को खाद मिल जाएगा। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि निवाड़ी में रैक लगने से अगर 2000 बोरी आती है, तो उसमें 1000 निवाड़ी जिले को मिलती है। जिसमें टीकमगढ़ जिले के जतारा, पलेरा, खरगापुर, बल्देवगढ़, टीकमगढ़, बड़ागांव धसान वेयरहाउस पर वितरण होने के लिए भेजी जाती है। जिससे जिले में कभी–कभी खाद की किल्लत सामने आ जाती है, जबकि निवाड़ी जिले में पृथ्वीपुर, निवाड़ी में ही वितरण किया जाता है। किसान घनश्याम अहिरवार, कांशीराम कुशवाहा, पुष्पेंद्र, कल्लू, बृषभान रैकवार, द्वारका प्रसाद, राहुल, कन्हैया लाल, परमानंद के अलावा किसान व पार्षद हामिद चौधरी ने बताया कि सोमवार को पर्याप्त मात्रा में किसानों को खाद वितरण किया गया। हम लोगों की मांग अनुसार डीएपी और यूरिया खाद उपलब्ध कराया गया है।

### इनका कहना

सोमवार को पर्याप्त मात्रा में किसानों को डीएपी एवं यूरिया खाद उपलब्ध कराया गया है। खाद की कोई कमी नहीं है। मौसम को देखते हुए शासन स्तर से और यूरिया खाद उपलब्ध कराया जाने की मांग की गई है।

**राज कुमार सोनी,**
वेयरहाउस प्रभारी जतारा

# शासकीय सेवकों को अब फिर पहली तारीख को वेतन मिलने की बढ़ी उम्मीद

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** अब एक बार फिर शासकीय सेवकों को माह की पहली तारीख को वेतन मिलने की उम्मीद कर लेना चाहिए। यहां कलेक्टर ने कर्मचारियों को माह की पहली तारीख को वेतन दिए जाने के निर्देश दिए हैं। हालांकि यह कोई पहला अवसर नहीं है, जब पहली तारीख को प्रत्येक कर्मचारियों को वेतन दिए जाने की बात कही जा रही है। अब देखना है कि इन निर्देशों पर आखिर अमल कब तक किया जाता है। कहा जा रहा है कि जिले में सभी शासकीय कार्यालयों के प्रमुखों से कहा गया है कि वे अपने शासकीय सेवकों का वेतन हर माह की एक तारीख को दिया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर अवधेष शर्मा द्वारा सभी शासकीय कार्यालयों के लिये दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं। जिला कोषालय अधिकारी शिवरंजन सिंह ने बताया कि इस संबंध में कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया है कि म.प्र. कोषालय संहिता के सहायक नियम के अनुसार प्रत्येक शासकीय सेवक को उसके प्रत्येक माह के वेतन का भुगतान आगामी माह की प्रथम तारीख को करना सुनिश्चित करें। यदि माह की प्रथम तारीख को शासकीय अवकाश हो तो उसके पूर्व के कार्य दिवस को भुगतान किया जाये। समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों को अवगत कराया गया है कि अपने कार्यालय से संबंधित समस्त शासकीय सेवकों को प्रत्येक माह की प्रथम तारीख को वेतन आहरण हो सके, यह सुनिश्चित करने की व्यवस्था करें। यदि इसमें किसी प्रकार का विलंब होता है तो उसके लिए आहरण संवितरण अधिकारी स्वयं उत्तरदायी होंगे। साथ ही कहा गया है कि मध्यप्रदेश कोषालय संहिता के सहायक नियम के अनुसार प्रत्येक कार्यालय के समस्त शासकीय सेवको का वेतन प्रत्येक माह की पांच तारीख के पूर्व किया जाये।

### कलेक्टर के फरमान से कर्मचारियों में खुशी, प्रत्येक माह की एक तारीख को मिलेगा वेतन

## झाँसी हाइवे पर ग्राम पूनोल के पास अनियंत्रित होकर ट्रक पलटा, घटना में बाल-बाल बचा ड्राइवर

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** झांसी हाइवे पर सोमवार की रात करीब 9 बजे पूनोल नाले के पास एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में ट्रक चालक बाल बाल बच गया। मौके पर पहुंची दिगौड़ा पुलिस ने सड़क पर पलटे ट्रक को सड़क किनारे करवाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की रात करीब 9 बजे टीकमगढ़ से झांसी की ओर जा रहा कबाड़े फुठ्ठों से भरा हुआ ट्रक पूनोल नाले के पास मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में ट्रक चालक को मामूली चोटें आईं। ट्रक पलट कर झांसी हाइवे सड़क के बीच में आ गया था, जिससे आवागमन बाधित हो रहा था। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना दिगौड़ा पुलिस को दी। थाना प्रभारी अनुमेहा गुप्ता तत्काल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और बीच सड़क पर पलटे हुए ट्रक को स्थानीय लोगों व ट्रेक्टरों की सहायता से सड़क किनारे करवाया गया।

## चेतावनी- छाएंगे बादल.... चलेंगी ठंडी हवाएं... बरसेगा पानी...

# किसान भाई फसलों सिंचाई का कार्य यदि ज्यादा जरूरी न हो तो रोक दें

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** आने वाले दो दिनों के बाद जिले के अलग–अलग स्थानों पर छाए रहेंगे बादल। इतना ही नहीं चलती रहेंगी ठंडी हवाएं और हो सकती है बरसात। यह कहना है मौसम विशेषज्ञों का। उन्होंने किसानों से कहा है कि यदि ज्यादा जरूरी न हो, तो फसलों की सिंचाई न करें। दो–तीन बाद स्वत: ही बरसात होने पर फसलों की सिंचाई हो सकती है। बताया गया है कि आने वाले 2 दिनों के बाद एक व दो दिसंबर जिले में अलग–अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश होने तथा आसमान में बादल छाये रहने की संभावना है। आने वाले 2 दिनों के बाद दिन के अधिकतम तापमान तथा रात का न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डि.से. के आस–पास गिरावट रहने की संभावना है। हवा की औसत गति (7 से 9 किलोमीटर पति घंटा) चलने की संभावना है। आनेवाले 2 दिनों के बाद एक व दो दिसंबर आसमान में बादल छाये रहने के कारण फसों कीट–ब्याधि का प्रकोप बढ़ सकता है। अत: किसान भाई फल एवं सब्जी तथा समय से बोगी गई रबी फसलों जैसे– सरसों, चना, मटर इत्यादि में कीट–व्याधियां की निगरानी का कार्य करें। आनेवाले पाच दिर्ना के दौरान औसत तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना को देखते हुए, किसानों को सलाह दी जाती है कि वे सिंचित स्थिति में गेहूं की उन्नत किस्मों– जेडब्ल्यू–1203, जेडब्ल्यू–1215, एचआई–8759, पूसा तेजस आदि की बुआई करें।




अर्ध सिंचित स्थिति (1–2 सिंचाई)–जेडब्ल्यू–3288, जेडब्ल्यू–3211, जेडब्ल्यू–3020, एचआई–1531, एचआई–1544, आदि की समय पर बुआई करें और बीज को कवकनाशी यिरम बावास्टिन /1.5.1.0 ग्राम किया से उपचारित करें। एजोटोबेक्टर और पीएसबी कल्चर का टीका अवश्य लगायें। आनेवाले 5 दिनों के दौरान बादल छाये रहने के कारण कटुआ कीट एवं इल्लियों के की सम्भावना रहती है। इससे बचाव हेतु खेतों में 40 से 50 टी या वाई आकार के खुटे गाड दें, जिससे पक्षियों के बैठने के लिए जगह बन जाएगी, और वे कीट एवं इल्लियों को चुन–चुनकर खा जायेगे। प्याज की नर्सरी लगाने वाले किसानों को सलाह दी जाती है कि वे इस सप्ताह के दौरान ऊंची क्यारी प्रणाली में प्याज की नर्सरी की बुआई करें। सिंचाई नाली और निराई के लिए सेमी का अंतर रखें। उन्नत किस्मों जैसे एग्रीफाउंड डार्क रेड, एग्रीफाउंड डार्क रेड, पूसा रेड और नासिक रेड आदि का उपयोग करें। बीजों को 2 ग्राम कैप्टान प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करें। फूलगोभी की फ्सल में अर्धकुडलाकार इल्ली का प्रकोप देखा जा रहा है। अत: किसान भाई, इसके नियत्रण हेतु प्रोफेनोफेस 50 ई.सी. दवा की 2.0 मिली लीटर या इमामेक्टिन बैंजोएट 5 एसजी / 1.5–2.0 मिली/लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें तथा दवा छिड़काव करने के बाद सात दिन तक सब्जी न तोड़ें। दूध देने वाले पशुओं को हरे चारे के अलावा आहार में खनिज लवण अवश्य मिलायें। साथ ही साथ उन्हें संतुलित आहार व ताजा पानी पिलायें। किसान भाई, बकरियों को ठंड से बचायें साथ ही साथ उन्हें पी.पी.आर. रोग का टीका लगवायें।

## सोमवार मुख्य आरती से हुई शुरुआत, पहले विशेष अवसरों पर थी व्यवस्था

# रामराजा सरकार को 5 गणवेश धारी गार्ड देंगे सलामी

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** देव दीवाली पर जहां बुंदेलखंड के लोगों से लेकर कतिकारियों तक ने धूमधाम से कार्यक्रम आयोजित किए, तो वहीं बुंदेलखंड के तीर्थ स्थली ओरछा में साक्षात विराजे रामराजा सरकार के मंदिर में भी उत्साह का माहौल नजर आया। यहां से ओरछा गए दर्शनार्थियों ने यहां भगवान की आरती की व्यवस्थाओं में आए बदलाव पर खुशी जाहिर की है। बताया गया है कि अब यहां बुंदेलखंड की धार्मिक और पर्यटन नगरी ओरछा के राम राजा सरकार मंदिर में नई परंपरा की शुरुआत की गई है। मंदिर खुलने के समय और शाम को मुख्य आरती के दौरान एक के बजाय अब पांच गणवेश धारी गार्ड रामराजा सरकार को सलामी देंगे। ओरछा एक ऐसी इकलौती जगह है, जहां पर श्री राम राजा सरकार को राजा के तौर पर पूजा जाता है। ऐसे में उनको रोजाना गार्ड की सलामी चारों पहर दी जाती है। अभी रोज एक गार्ड सलामी की रस्म को पूरा करता था, लेकिन सोमवार से इस सलामी को 5 गार्ड पूरा करेंगे। बता दें कि अभी तक सुबह, दोपहर, शाम और रात को केवल एक गणवेश धारी गार्ड ही राम राजा सरकार को सलामी देते आए है। लेकिन सोमवार से मंदिर प्रबंधन ने सलामी के स्वरूप को विशेष अवसरों की तरह वृहद किया है। तहसीलदार ओरछा सुमित गुर्जर ने बताया कि आज से श्री राम राजा सरकार मंदिर में पांच गणवेश धारी गार्ड रामराजा सरकार को चारों वक्त सलामी देंगे। मंदिर समिति और जन सदस्यों की सर्वसम्मति से ही इस नई परंपरा की शुरुआत की गई है। श्री राम राजा सरकार को प्रतिदिन सुबह मंदिर खुलने



के समय और शाम को मंदिर खुलने के समय की मुख्य आरती के दौरान 1–4 की अनुष्ठानिक गणवेश धारण गार्ड की सलामी देने का निर्णय लिया गया। इसका सोमवार रात मुख्य आरती से सलामी देकर शुभारंभ कर दिया गया है। मुख्य आरती की 1–4 गार्ड सलामी के दौरान रक्षित निरीक्षक बृहस्पति कुमार साकेत, नगर निरीक्षक ओरछा कमलेश सोनी, उपनिरीक्षक जितेंद्र सोनी और अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके लिए पुलिस अधीक्षक ने रक्षित निरीक्षक और मंदिर सशत्र बल गार्ड प्रभारी को निरंतर कार्रवाई के लिए आदेशित किया है।

### शहर में नहीं है कोई दूसरा राजा

बुंदेलखंड की अयोध्या व देश में भगवान श्रीरामराजा सरकार की राजधानी का ओरछा को दर्जा प्राप्त है। कारण अयोध्या में भगवान को बाल स्वरूप श्रीराम लला के रुप में पूजा जाता हैए तो ओरछा में राजा राम के रूप में विराजे हैं। इस कारण इस शहर में कोई दूसरा राजा नहीं होता। आज से 450 साल पहले यहां की महारानी जब अयोध्या से भगवान रामराजा सरकार को लेकर ओरछा आई थीं और स्थापना के साथ ही यह परंपरा प्रारंभ हो गई थी। मंदिर की स्थापना कराने वाले राजा मधुकर शाह ने भी भगवान को राजा मानकार खुद कार्यकारी राजा के रूप में काम किया था।

# उप्र के किसानों से सांठगांठ कर अफसरों ने दिए अवैध कनेक्शन






**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के किसानों को पानी की सुविधा भले ही देर से मिले, लेकिन सुविधा शुल्क और भ्रष्टचार के चलते अवैध कनेक्शन धारियों को सुविधा मिलते देर नहीं लगी। गुपचुप तरीके से उत्तरप्रदेश के किसानों को कनेक्शन देकर कतिपय अधिकारियों ने अपनी जेबें गर्म कर ली। हालांकि बांध सुजारा योजना से जुड़ अफसरों ने अपना पल्ला साफ करते हुए बताया है कि इन अवैध कनेक्शन देने वालों में उनके विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों का हाथ नहीं है। ऐसे में सवाल यह भी उठता है कि यदि सांठगांठ में अन्य विभागों के अधिकारियों का हाथ रहा है, तो भी सुरक्षा और निगरानी करने वाले कहां सोते रहे। इस मामले में यदि निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जाती है, तो निश्चित ही बांध सुजारा योजना से जुड़े लोगों की भी मौन स्वीकृति नजर आएगी। इस संबन्ध में मिली जानकारी के अनुसार टीकमगढ़ सुजारा बांध नहर की अंडर ग्राउंड पाइप लाइन को बल्देवगढ़, खरगापुर, पलेरा तहसील के 183 गांवों में फैलाने की जिम्मेदारी प्रबंधन को सौंपी गई थी, लेकिन उन्होंने इन तहसीलों की जगह उप्र झांसी जिले के मऊरानीपुर तहसील क्षेत्र के गांव में पाइप लाइन के कनेक्शन अवैध तरीके से दे दिए हैं। इटायली गांव के किसानों की शिकायत पर इस सारे मामले की जांच की गई, तो यह मामला उजागर हो सका। अधिकारियों द्वारा की गई जांच में बांध सुजारा का पानी चोरी से यूपी के किसानों को दिए जाने और अवैध तरीके से कनेक्शन देना बताया गया है। बम्होरी कलां पुलिस के सहयोग में जांच टीम ने यहां के इलाके में 500 फुट 110 एमएम की पाइप लाइन जब्त की है। उप्र के किसानों ने सुजारा बांध नहर के अधिकारियों पर प्रत्येक कनेक्शन के लिए 12 हजार और 20 हजार रुपए लेने का आरोप लगाया है। पलेरा तहसील के इटायली गांव से उप्र का जिला झांसी की मऊरानीपुर तहसील लगी हुई है। इटायली तक सुजारा बांध की अंडर ग्राउंड पाइप लाइन पहुंची है। उप्र के किसानों ने सुजारा बांध के फील्ड अधिकारियों से मिलकर 12 के करीब कनेक्शन अवैध तरीके से लिए थे। इस कार्य से बम्होरीकलां क्षेत्र के साथ अन्य क्षेत्रों में पानी की रफ्तार कम हो गई। अवैध रूप से उप्र भेजी गई अंडर ग्राउंड पाइप लाइन को हटाने इटायली गांव के किसानों ने सुजारा बांध प्रबंधन से शिकायत की। उन्होंने मामले की जांच की। जांच में शिकायत सही पाई गई। जांच टीम ने पुलिस को पत्र दिया। पुलिस के सहयोग से जेसीबी मशीन द्वारा उप्र जाने वाली अंडर ग्राउंड 500 फीट पाइप लाइन को उखाड़ा गया। अवैध रूप से बिछाई गई पाइप लाइन को जब्त कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### धांधली और भ्रष्टाचार की खुलने लगी परतें, निरीक्षण कर उखाड़ी लाइनें, काटे कनेक्शन

### यहां से शुरू हुई अंडर ग्राउंड पाइप लाइन

सुजारा बांध धसान से रमपुरा तक नहर के माध्यम से रमपुरा टैंक में पानी एकत्रित किया गया। 75 हजार हेक्टेयर की सिंचाई के लिए बल्देवगढ़, खरगापुर, पलेरा और जतारा तहसील के 183 गांव में अंडर ग्राउंड पाइप लाइन को बिछाए जाने का लक्ष्य दिया। पलेरा तहसील के रतवास, मवई और इटायली हार के पास से जिला झांसी की मऊरानीपुर तहसील के बगौरा, धोरा, विजयवारा गांव के किसानों ने 110 एमएम का पाइप 10 फुट गहरी नाली में बिछाया और उप्र की जमीन में मप्र की अंडर ग्राउंड पाइन को चोरी छुपे ले गए।

### एसडीओ ने बनाई जांच टीम, कर रही निरीक्षण

किसानों ने अंडर ग्राउंड पाइप लाइन की जांच के लिए एसडीओ रजनीश तिवारी से शिकायत की। शिकायत के बाद एसडीओ ने जांच टीम को तैयार किया। इंजीनियर ममतेश श्रीवास्तव, सब इंजीनियर आस्था श्रीवास्तव ने एक लिखित आवेदन थाना बम्होरीकलां पुलिस को दिया। थाना पुलिस, चौकी कनेरा पुलिस की की मद्द से अवैध रूप से उप्र भेजी गई पाइप लाइन को उखाड़ा गया। पूरी पाइप लाइन को जब्त करके किसानों के नाम लिखे जा रहे है। नहर के अधिकारियों का कहना है कि मामले की जानकारी नहीं थी। तीन दिन पहले जानकारी मिली तो थाना बम्होरीकलां पुलिस को सूचना दी। जेसीबी मशीन द्वारा पाइप लाइन को दो स्थानों से उखाड़ा गया। नहर के अमीन सुबेर सिंह ने बताया कि अवैध कनेक्शन की कोई जानकारी नहीं थी, शिकायत पर कार्रवाई की गई है। किसान सत्य प्रकाश पटेल, बबलू प्रजापति, कडोरे, मातादीन, कल्याण सिंह, उमा शंकर बड़ोनिया, आशा राम घोष, आत्मा राम घोष, चऊदे रजक, घन श्याम दास कुशवाहा, पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि अभी तक बांध सुजारा बांध परियोजना की नहर का पानी बम्होरी कलां, निवौरा के खेतों पर नहीं पहुंचा है। विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की लापरवाही से यहां का पानी उप्र के किसानो से चोरी करवाया जा रहा है। मामले की जांच की जाए और दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

### उप्र के किसानों ने लगाए आरोप

उप्र के बगौरा निवासी किसान संतोष कुमारी, छक्की अहिरवार और लल्लू गौर ने सुजारा बांध नहर के अधिकारियों और कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि फीस के रूप में एक कनेक्शन पर 12 और 20 हजार रुपए दिए है। एक साल तक पानी देने की शर्त रखी गई थी। इन किसानों ने तीन अधिकारियों के नाम बताए है। जिसकी जांच अधिकारियों द्वारा की जा रही है।

### अवैध कनेक्शन की सूची की तैयार-ममतेश श्रीवास्तव

इंजीनियर ममतेश श्रीवास्तव ने बताया कि अवैध कनेक्शन के कारण इटायली सहित पलेरा तहसील के कई गांव के किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा था। इसके संबंध में लगातार शिकायतें मिल रही थीं। उन्होंने बताया कि बांध की पाइप लाइन से अवैध कनेक्शनों की सूची तैयार की गई है। जिनकों चिह्नित कर आगे भी कार्रवाई की जाएगी। इंजीनियर श्रीवास्तव ने बताया कि अवैध कनेक्शन के कारण इटायली सहित पलेरा तहसील के कई गांव के किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा था। इसके संबंध में लगातार शिकायतें मिल रही थीं। उन्होंने बताया कि बांध की पाइप लाइन से अवैध कनेक्शनों की सूची तैयार की गई है। जिनकों चिह्नित कर आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

### इनका कहना है

मप्र के लिए चलाई गई योजना का लाभ उप्र के किसानों को देने की शिकायत आई थी। उसकी जांच में अभी तक 3 कनेक्शन पाए गए है। कनेक्शन को बंद कराया गया है। कनेक्शन के नाम पर जिन लोगों को रुपए दिए गए है, वह हमारे विभाग के कर्मचारी नहीं थे।

**रजनीश तिवारी,** एसडीओए सुजारा
बांध नहर टीकमगढ़

पाइप लाइन द्वारा उप्र पानी जा रहा है। उसमें नहर के एसडीओ और एलएनटी की टीम द्वारा कार्रवाई की गई है। अवैध पाइप लाइन को उखाड़ भी दिया है। कार्रवाई की जा रही है।

**दीपेंद्र सिंह कुशवाहा,**
ईई, जल संसाधन विभाग टीकमगढ़

दमोह जिले में ट्रैक्टर टॉली पलटी, पन्ना में बस हुई दुर्घटनाग्रस्त

# 2 स्थानों पर सड़क हादसा, 4 की मौत



## 18 लोग घायल, 2 गंभीर को किया जबलपुर रेफर

**दमोह.देशबन्धु।** जिले के तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत पांजी पिंडरई के समीप ट्रैक्टर ट्राली पलटने से वृद्धा और युवती की घटनास्थल पर मौत हो गई जबकि दो यात्री जबलपुर रेफर हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार तेंदूखेड़ा अस्पताल में ड्यूटी रत डॉक्टर अमन सोनी ने बताया कि मृतकों में पार्वती पति धनसिंह उम्र 65 वर्ष निवासी कुलुआ दिनारी और रोशनी पिता झाहर सिंह उम्र 19 वर्ष निवासी कुलुआ दिनारी की मौत हो गई.तो वहीं जबलपुर रेफर सुनीता पति भूरे सिंह लोधी उम्र 45 वर्ष, भगवती पति मोहन सिंह उम्र 45 वर्ष दोनों कुलुआ दिनारी निवासी को जबलपुर रेफर किया है तथा घायलों में सुनीता, छोटीबाई लोधी, लक्ष्मी पवार, गेंदाबाई रैकवार, रूपा बाई लोधी, हरिबाई, नेहा लोधी, मुन्नी बाई लोधी, जानकी लोधी, नन्ही लोधी, कमलाबाई,लीला, भोजराज,महिमा लोधी, मुंडोबाई,मुस्कान,गनेशी, रानू लोधी यह सभी घायल हुए हैं, जिनका उपचार जारी है.घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर एसडीओपी तेंदूखेड़ा डीएस ठाकुर, थाना प्रभारी फेमीदा खान,सब इंस्पेक्टर रंजीत सिंह,आरक्षक रणजीत राणा, नीरज नामदेव, आकाश पटेल पहुंचे और सभी को ट्रैक्टर ट्राली के नीचे दबे घायलों को निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया. घायलों के अनुसार बताया गया है कि बरमान घाट से लौटकर वापस आ रहे थे, तभी हादसा हो गया।

## अनियंत्रित बस पलटने से 30 यात्रियों को आई चोटें



**दमोह देशबन्धु।** जिले के जबेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बिदारी की टेक पर अनियंत्रित होकर एक बस पलट जाने से बस में सवार करीब 25 से 30 यात्री को चोट आने पर घायल हो गए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। प्राप्त जानकारी अनुसार मां वैष्णो बस क्र एमपी 20 पीए 1058 दमोह से जबलपुर जा रही थी तभी बिदारी की टेक पर अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी जबेरा विजय अहिरवार, तहसीलदार जबेरा, सब इंस्पेक्टर सियाराम और पुलिस ने तत्काल घायलों को अस्पताल भिजवाया।

## बृजपुर से सतना जा रही यात्री बस पलटी



**पन्ना, देशबन्धु।** जिले की बृजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पन्ना पहाड़ीखेड़ा रोड में एक भीषण सड़क हादसा हो गया। जिसमें तेज रफ्तार यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई और इस हादसे की चपेट में करीब दो दर्जन से अधिक यात्री आ गए। जिसमें क्लीनर सहित दो लोगो की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतको में क्लीनर गगन चौधरी निवासी सिंहपुर सतना तथा यात्री संजय पटेल की घटना स्थल पर मौत हो गई तथा दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए है। जिन्हे इलाज के लिए जिला चिकित्सालय पन्ना मे भर्ती कराया गया है। इसमे गंभीर तीन घायलो को जबलपुर के लिए रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी बृजपुर बखत सिंह पुलिस दल बल के साथ घटना स्थल पंहुचे तथा घायलो को एम्बूलेंस एवं अन्य साधनो से जिला अस्पताल भेजा गया। गौरतलब है कि बृजपुर से सतना जा रही एमपी 19 पी 1812 बघेल बस भसूडा ग्राम के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। बताया जा रहा है कि बच्चे को बचाने के चक्कर में बस के ड्राइवर से बस अनियंत्रित हो गई और बस सड़क किनारे जाकर पलट गई। जिसमें करीब 30 से ज्यादा यात्री सवार थे। घटना की जानकारी लगते ही कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी रहे भरत मिलन पान्डेय ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर घायलो का हाल चाल जाना तथा इलाज की जानकारी ली एवं हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। ज्ञात हो कि पन्ना पहाडीखेरा रोड का निर्माण कार्य जब से शुरू हुआ है लगातार घटनाएं घटित हो रही है। क्योकि सडक निर्माण करने वाले ठेकेदार द्वारा मनमाने ढंग से सडक का निर्माण कार्य किया है। इसी के चलते हादसे हो रहे है।

# मतगणना कक्ष तक ईव्हीएम पहुंचाने एवं वापसी के लिए ड्यूटी निर्धारित

**पन्ना, देशबन्धु।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में रविवार 3 दिसम्बर को मतगणना कक्ष तक ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी पहुंचाने और मतगणना उपरांत वापस स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने एवं स्ट्रांग रूम सील करने के लिए अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया है। जिला कोषालय अधिकारी गौरव गुप्ता को स्ट्रांग रूम का नोडल अधिकारी नियुक्त कर कार्य में सहयोग के लिए सहायक ग्रेड 2 एमपी गुप्ता एवं सहायक ग्रेड 3 लखन वर्मा, योगेश खरे, श्रवण विश्वकर्मा तथा भृत्य राजबहादुर कोल की ड्यूटी लगाई गई है।

इसी तरह विधानसभावार स्ट्रांग रूम प्रभारी और स्ट्रांग रूम सहायक एवं मददगार की ड्यूटी भी निर्धारित की गई है। पवई विधानसभा के लिए सहायक कोषालय अधिकारी अंशु खरे को कक्ष क्रमांक 01 का और सहायक पेंशन अधिकारी मुकेश साहू को कक्ष क्रमांक 02 का स्ट्रांग रूम प्रभारी बनाया गया है, जबकि स्ट्रांग रूम सहायक के लिए सूर्यप्रकाश द्विवेदी, मोहनीश धोटे एवं लखनलाल वर्मा तथा मददगार के लिए राजकुमार आदिवासी एवं मुन्नालाल नागर को नियुक्त किया गया है। गुनौर विधानसभा का स्ट्रांग रूम प्रभारी सहायक पेंशन अधिकारी आरके रवि को नियुक्त कर सरजू प्रसाद प्रजापति और सचिन शिवहरे को स्ट्रांग रूम सहायक तथा देवशरण दहायत और मनीष तिवारी को मददगार नियुक्त किया गया है, जबकि सहायक कोषालय अधिकारी आरपी प्रजापति को पन्ना विधानसभा का स्ट्रांग रूम प्रभारी नियुक्त कर जेपी लखेर एवं अंकित सिंह को स्ट्रांग रूम सहायक तथा मिलन प्रजापति एवं सुनील आदिवासी को मददगार नियुक्त किया गया है।

## मतगणना पर्यवेक्षक एवं मतगणना सहायक का प्रशिक्षण संपन्न

**दमोह देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत शासकीय मॉडल कॉलेज बरपटी में 03 दिसंबर 2023 को संपन्न होने वाली मतगणना के लिए मतगणना पर्यवेक्षक एवं मतगणना सहायकों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण महाविद्यालय के पांच कक्षो में रखा गया था जिनमें उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को ईव्हीएम एवं बीबीपेट की काउंटिंग के संदर्भ में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को पूर्ण सावधानी के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया।

# जैन नन्हें मंदिर में पिक्षिका परिवर्तन समारोह संपन्न

**दमोह देशबन्धु।** दमोह में उपाध्याय श्री विस्रुत सागर जी महाराज एवं मुनि श्री निर्वेग सागर जी महाराज का पिक्षिका परिवर्तन समारोह सानंद संपन्न हुआ। उपाध्याय श्री की पिक्षिका का प्राप्त करने का सौभाग्य मीना विनय को प्राप्त हुआ जबकि मुनि श्री निर्वेग सागर जी महाराज की पिक्षिका क्षमा श्रेयांश लहरी' के परिवार को प्राप्त हुई। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंगलाचरण उपरांत बड़े बाबा एवं आचार्य श्री के चित्र के समक्ष अतिथियों के द्वारा ज्ञान ज्योति का प्रज्वलन किया गया मौके पर चातुर्मास के दौरान विशेष सहयोग करने वाले कार्यकर्ताओं का कमेटी के द्वारा सम्मान किया गया।

विशेष तौर पर पूर्व कमेटी के अध्यक्ष ग्रीस नायक अहिंसा का एवं उनके साथियों का वर्तमान कमेटी के द्वारा ज्ञान तिलक एवं शाल श्रीफल बैठकर सम्मान किया गया है इस मौके पर मुनि संघ को शास्त्र भेंट किए गए इसके पूर्व आचार्य विराग सागर जी महाराज की संगीतमय पूजन की गई कमेटी के द्वारा विभिन्न महिला मंडलों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपाध्यय श्री ने अपने मंगल प्रवचनों में कहा कि पीक्षिका संयम का उपकरण है इससे संयम की साधना की जाती है यह मुनि के हृदय की कोमलता को प्रदर्शित करती है मुनियों का हृदय किसी की तरह मृदुल होता है मन जब तक मृदु नहीं होगा कसाई रहित नहीं होगा तब तक मुक्ति का मार्ग मिलना कठिन रहता है मुनि संघ अपने संयम की साधना के लिए सभी दुखों को सहन करते हैं पिक्षिका का संयम का प्रतीक है मोक्ष प्राप्ति के लिए संयम का मार्ग ही एकमात्र हेतु है। इस मौके पर दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष सुधीर सिंघई, महामंत्री पदम जैन, नवीन निराला, रानू खजरी, कुंडलपुर कमेटी के पूर्व प्रचार मंत्री सुनील वेजीटेरियन, संजीव शाकाहारी और औषधालय कमेटी के महामंत्री सोनू नेता रिंकू जैन, चक्रेश सराफआदि की उपस्थिति रही।



## पिच्छिका से अंहिसा धर्म की रक्षा होती है: विश्वनायक



**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** विरागोदय तीर्थ धर्मधाम में पिच्छिका समारोह के दिन प्रवर्तक मुनिश्री विश्वनायक मुनि महाराज ने कहा कि जैन साधु-साध्वी की शोभा पिच्छिका से ही होती है पिच्छिका संयम का उपकरण है वह उद्बोधन पिच्छिका परिवर्तन समारोह के अवसर धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहे मुनिश्री ने कहा कि जैन मुनिराज संतो के तीन उपकरण होते हैं संयम का उपकरण पिच्छी शुद्धि का उपकरण कमंडल, ज्ञान का उपकरण शास्त्र होता है मुनि महाराज की पिच्छी में पांच गुण होते हैं हल्कापन, सुंदरता, निस्पृहता, कोमलता, मृदुता आदि पांच गुण होते हैं। पिच्छी संतो के संयम का उपकरण है प्रत्येक मनुष्य के जीवन में संयम की आवश्यकता होती है। मुनिश्री ने कहा कि मेरी पिच्छी का परिवर्तन आपने जीवन के परिवर्तन का कारण बने। मुझे मेरे गुरुदेव गणाचार्य विरागसागरजी ने मेरे हाथों में पिच्छी देकर मेरा जीवन ही बदल दिया उन्होंने मेरा जीवन अनमोल बना दिया ये पिच्छी ही मेरी पहचान है ये पिच्छी ही जैन धर्म के शासन की शान है। नवीन पिच्छिका मुनिश्री विश्वनायक सागर जी ससंध मुनिश्री विश्वविद सागरजी, विश्वभानु सागर मुनि महाराज, सागर मुनि महाराज, छुल्लकश्री विश्ववंधु सागर को नवीन पिचिछका देने वालो में विरागोदय चातुर्मास मुनि सेवा समिति, विरागोदय धर्मधाम तीर्थ समिति, श्री शीतलनाथ महिला मंडल, आदिनाथ महिला मंडल, महिला मंडल, पार्श्वनाथ महिला मंडल, विरागोदय महिला मंडल, शांतिनाथ महिला मंडल,अभय नारियल, राजेन्द्र बडडे,रिषभ सिंघई, प्रमोद मलैया,विजय,बल्लू सेठ, देवचंद,पदम् मलैया,मदन वडकुल आदि लोगो ने मुनिश्री संसध को प्रदान की। वही पुरानी पिचिछका मुनिश्री संसध प्राप्त करने वालो मे विमल शाह, कांति सुरेश जैन बांसा, विंध्या सुभाष बजाज,सुमन नेमचंद बांसा,इंदा राजेन्द्र जैन बांसा को सौभाग्य मिला।

## आर्यिकाश्री विमलमति माताजी का विहार



**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** आर्यिका विमलमतिजी माताजी अपने संघ सहित पथरिया से बौतराई विहार करते हुए केवलारी ग्राम पहुंचीं। जहां श्री सिद्धचक्र महामंगल विधान में श्रद्धालु रहें अशोक सिंघई ने बताया कि आज प्रातरूकालीन बेला में आर्यिका संघ का मंगल केवलारी हुआ। वहां की जैन समाज ने अगवानी की इसके बाद आर्यिकाश्री कंदवा के लिए विहार करेगी।

## पेड़ से युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**दमोह देशबन्धु।** जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत जबलपुर नाका चौकी के समीप नंदी वन रेंज गोदाम के पीछे एक 27 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते गुरार के पेड़ से फंद्दा लगाकर आत्महत्या कर ली, मंगलवार की सुबह जब आसपास के लोग घूमने गए. तो पुलिस को सूचित किया. जहां मौके पर पुलिस ने पहुंच कर शव को पेड़ से नीचे उतरवा कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी जबलपुर नाका संतोष सिंह ने बताया कि मृतक देवेन्द्र पिता गोविंद रैकवार उम्र 27 नंदी वन रेंज गोदाम के पीछे, जबलपुर नाका चौकी थाना दमोह देहात निवास रत ने आत्महत्या की है।

## कृष्ण-सुदामा मित्रता की कथा सुनाई



**दमोह देशबन्धु।** हिरदेपुर सागर नाका चौकी के पास पटेल परिवार में चल रही श्रीमद्भागवत में कथा ब्यास पंडित संजय शास्त्री महाराज ने कथा के समापन दिवस पर श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र की सभी महत्वपूर्ण गाथाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन का प्रत्येक पल ईश्वर भक्ति में व्यतीत करना चाहिए. हमें हर सांस में ईश्वर का नाम लेना चाहिए. एक भी सांस व्यर्थ नहीं जाना चाहिए।भक्त सुदामा ने श्री कृष्ण के बालपन में अपनी आयु व्यतीत की सौभाग्य से उनके सहपाठी बनें। समय के परिवर्तन में सुदामा ने अपने परिवार को गरीबी में पाला और श्री कृष्ण द्वारकाधीश बने। पत्नी के बार-बार कहने पर अपने मित्र श्री कृष्ण जी को मिलने गये। सुदामा इतने निर्धन थे कि उन्होंने पत्नी द्वारा लोगों से मांग कर लाए गए दो मुट्ठी चावल द्वारकाधीश को भेंट करने के लिए साथ ले चले। उन्होंने कहा कि सच्चा मित्र वहीं है जो अपने मित्र को निस्वार्थ भाव से प्यार करे और विपत्ति आने पर उनकी सहायता करे। कथा के बाद ब्रज की रास के साथ फूलों की होली खेली।

# पद प्रतिष्ठा का कभी भी अहंकार नहीं करना चाहिए: पं. शास्त्री



**दमोह देशबन्धु।** स्थानीय जबलपुर नाका स्थित राजा पटना बैंक के पीछे चल रही श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम के बाद विधिवत जलविहार कराया गया कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि अभिमन्यु के पुत्र राजा परीक्षित थे राजा परीक्षित के बाद उन के लड़के जनमेजय राजा बने एक दिन जनमेजय वेदव्यास जी के पास बैठे थे बातों ही बातों में जन्मेजय ने कुछ नाराजगी से वेदव्यास जी से कहा कि जहां आप समर्थ थे भगवान श्रीकृष्ण थे भीष्म पितामह गुरु द्रोणाचार्य कुलगुरू कृपाचार्य जी धर्मराज युधिष्ठिर जैसे महान लोग उपस्थित थे फिर भी आप महाभारत के युद्ध को होने से नहीं रोक पाए और देखते देखते अपार जन धन की हानि हो गई यदि मैं उस समय रहा होता तो अपने पुरुषार्थ से इस विनाश को होने से बचा लेता अहंकार से भरे जन्मेजय के शब्द सुन कर भी व्यास जी शांत रहे उन्होंने कहा पुत्र अपने पूर्वजों की क्षमता पर शंका न करो यह विधि द्वारा निश्चित था जो बदला नहीं जा सकता था यदि ऐसा हो सकता तो श्रीकृष्ण में ही इतनी सामर्थ्य थी कि वे युद्ध को रोक सकते थे जन्मेजय अपनी बात पर अड़ा रहा और बोला मैं इस सिद्धांत को नहीं मानता आप तो भविष्यवक्ता है मेरे जीवन की होने वाली किसी होनी को बताइए मैं उसे रोककर प्रमाणित कर दूंगा कि विधि का विधान निश्चित नहीं होता व्यास जी ने कहा पुत्र यदि तू यही चाहता है तो सुन कुछ वर्ष बाद तू काले घोड़े पर बैठकर शिकार करने जाएगा दक्षिण दिशा में समुद्र तट पर पहुंचेगा वहां तुम्हें एक सुंदर स्त्री मिलेगी जिसे तू महलों में लाएगा और उससे विवाह करेगा मैं तुम को मना करूँगा कि ये सब मत करना लेकिन फिर भी तुम यह सब करोगे इस के बाद उस लड़की के कहने पर तू एक यज्ञ करेगा मैं तुम को आज ही चेता कर रहा हूं कि उस यज्ञ को तुम वृद्ध ब्राह्मणो से कराना लेकिन वह यज्ञ तुम युवा ब्राह्मणो से कराओगे और जनमेजय ने हंसते हुए व्यासजी की बात काटते हुए कहा कि मै आज के बाद काले घोड़े पर ही नही बैठूंगा तो ये सब घटनाऐ घटित ही नही होगी व्यासजी ने कहा कि ये सब होगा और अभी आगे की सुन उस यज्ञ मे एक ऐसी घटना घटित होगी कि तुम उस रानी के कहने पर उन युवा ब्राह्मणों को प्राण दंड दोगे जिससे तुझे ब्रह्म हत्या का पाप लगेगा और तुझे कुष्ठ रोग होगा और वही तेरी मृत्यु का कारण बनेगा इस घटनाक्रम को रोक सको तो रोक लो वेदव्यास जी की बात सुनकर जन्मेजय ने एहतियात वश शिकार पर जाना ही छोड़ दिया परंतु जब होनी का समय आया तो उसे शिकार पर जाने की बलवती इच्छा हुई उस ने सोचा कि काला घोड़ा नहीं लूंगा पर उस दिन उसे अस्तबल में काला घोड़ा ही मिला तब उस ने सोचा कि मैं दक्षिण दिशा में नहीं जाऊंगा परंतु घोड़ा अनियंत्रित होकर दक्षिण दिशा की ओर गया और समुद्र तट पर पहुंचा वहां पर उसने एक सुंदर स्त्री को देखा और उस पर मोहित हुआ जन्मेजय ने सोचा कि इसे लेकर महल मे तो जाउंगा लेकिन शादी नहीं करूंगा परंतु उसे महलों में लाने के बाद उसके प्यार में पड़कर उस से विवाह भी कर लिया फिर रानी के कहने से जन्मेजय द्वारा यज्ञ भी किया गया उस यज्ञ में युवा ब्राह्मण ही रक्खे गए किसी बात पर युवा ब्राह्मण रानी पर हंसने लगे रानी क्रोधित हो गई और रानी के कहने पर राजा जन्मेजय ने उन्हें प्राण दंड की सजा दे दी फलस्वरुप उसे कोढ हो गया और अंत में यही कोढ़ जनमेजय की मृत्यु का कारण बना।

## माध्यमिक शाला मुराछ की शिक्षक निलंबित

**दमोह देशबन्धु।** विधानसभा आम चुनाव 2023 के तहत निर्वाचन संबंधी आदेशित ड्यूटी का निर्वहन नहीं करने तथा ड्यूटी करने से इंकार करने के आरोप में रिटर्निंग आफीसर 57-हटा के प्रतिवेदन पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम के तारतम्य में शासकीय माध्यमिक शाला मुराछ की माध्यमिक शिक्षक भगवती कोरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में श्रीमती कोरी का मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय हटा निर्धारित किया गया है एवं निलंबन अवधि में इनको नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

## आटो पल्टा 7 महिलाएं घायल

**पन्ना, देशबन्धु।** मोहन्द्रा से रैपुरा रोड पर टिकरिया मोड के पास एक आटो बीते दिवस पलट गया। जिसमे सवार सात महिलाये बुरी तरह से घायल हो गई। जिनमें से तीन को कटनी जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार नादन ग्राम से कटनी के लिए आटो जा रहा था। जिसमे मोहन्द्रा से सात महिलाये कटनी जाने के लिए सवार हो गई तथा टिकरिया मोड के पास उक्त आटो अनियंत्रित हो कर पलट गया। जिसमें शोभा रानी, दिलाशा बाई, जलसा बाई, मैना बाई, विद्या, पूना बाई, मीना आदि घायल हुई है। जिनका स्वास्थ केन्द्र रैपुरा मे प्राथमिक उपचार किया गया।



# घटयात्रा एवं ध्वजारोहण के साथ पंचबालयति मंदिर के पंचकल्याणक शुरू

## जन्म कल्याणक पर आज निकलेगा जुलूस, पाडुकशिला पर होगा जन्माभिषेक

**सागर, देशबन्धु।** विद्यासागर नगर स्थित नवनिर्मित पंचबालयति मंदिर के पंचकल्याणक जिनबिंब प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ घटयात्रा और ध्वजारोहण के साथ शुरू हुआ। कटरा नमक मंडी स्थित गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर प्रांगण से घटयात्रा निकाली गई जो कि नगर के प्रमुख मार्गो से होकर कार्यक्रम स्थल पहुंची। जहां पर ध्वजारोहण किया गया। मुनिश्री अजित सागर और निर्दोष सागर तथा आर्यिका दृढमति माताजी के ससंघ सानिध्य मे प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रम्हचारी संजय भैया मुरैना के निर्देशन और बाल ब्रम्हचारी अरूण भैया, संजीव भैया के मार्गदर्शन महोत्सव की धार्मिक क्रियाये शुरू कराई गई। मंगलवार को महोत्सव के दूसरे दिन गर्भ कल्याणक उत्तर रूप के तहत प्रातः काल अभिषेक शांतिधारा नित्य पूजन के बाद गर्भ कल्याणक पूजन हवन हुआ। मंगलाचरण के बाद दोपहर में माता की गोद भराई सीमांतनी क्रिया हुई। सौधर्म इंद्र शचि इंद्राणी सहित अन्य सादे लेकर पहुंचे। रात्रि में देवियो ने तत्व चर्चा, माता का जागरण, महाराज नाभिराय का दरबार लगा। महारानी मरूदेवी द्वारा स्वप्न फल जिज्ञासा, महाराज नाभिराय द्वारा स्वप्नो का फलादेश बताया। आज सुबह जन्म कल्याणक के दिन आदिकुमार के जन्म पर महाराज नाभिराय के दरबार मे बधाईया बजेगी। ऐरावत हाथी पर सुमेरू पर्वत की ओर गमन के साथ जन्माभिषेक जुलूस निकलेगा पांडुकशिला पर 1008 कलशो से अभिषेक होगा। ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष सौरभ सिंघई, महामंत्री सन्मति जैन, कोषाध्यक्ष विनय जैन बम्हौरी सहित पंचकल्याणक समिति के अध्यक्ष संतोष जैन घड़ी, महामंत्री श्रेयांश जैन, अमित जैन, सयुंक्त महामंत्री इंजी. कैलाश चंद जैन, श्रेणिक जैन, मंत्री दीपक जैन, अरविंद जैन आदि महोत्सव को लेकर सक्रियता के साथ कार्य कर रहे।

# मतगणना अधिकारियों को प्रशिक्षण में बताई गई मतगणना की बारीकियां

**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत 3 दिसम्बर को होने वाले मतगणना कार्य के लिए नियुक्त मतगणना अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। पद्माकर सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षकों ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नियमों का पालन करते हुए मतगणना की प्रक्रिया पूरी करने के लिए बारीकियां बताई। प्रशिक्षकों ने मतगणना के संबंध में प्रमुख वैधानिक प्रावधानों, नियमों तथा मतगणना के दौरान बरती जाने वाली जरूरी सावधानी एवं विभिन्न प्रारूपों में दी जाने वाली जानकारियों के संबंध में बताया। प्रशिक्षण में बताया कि विधानसभावार 14 टेबल में मतों की गणना की जाएगी। प्रत्येक टेबल में राजपत्रित या सक्षम स्तर के अधिकारी को सुपरवाईजर बनाया जाएगा। इसके साथ ही गणना सहायक तथा माइक्रो आब्जर्वर भी होंगे। इन अधिकारियों को तीन चरण के रेण्डमाईजेशन के पश्चात् नियुक्त किया जाएगा। मतगणना स्थल पर मोबाइल ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा। रेण्डमाईजेशन प्रक्रिया, स्ट्रांग रूम के खोले जाने, स्ट्रांग रूम से मतगणना स्थल तक ईव्हीएम का परिवहन, मतगणना हॉल की व्यवस्था सहित संपूर्ण मतगणना प्रक्रिया की वीडियोग्राफी/सीसीटीवी का उपयोग किया जाएगा। मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने हेतु अधिकारियों को अनुशासन व शिष्टाचार के साथ मतगणना की बारीकियों के संबंध में गहन प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान मतगणना के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की जानकारी देते हुए उनका शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही आवश्यकता पड़ने पर पुर्नगणना आदि की प्रक्रियाओं एवं निर्देशों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने के लिए प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को गंभीरतापूर्वक ग्रहण करने तथा किसी भी प्रकार की दुविधा होने पर तत्काल प्रश्न करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि त्रुटिरहित मतगणना के लिए यह अत्यंत आवश्यक है, कि सभी नियमों को भली भांति ज्ञान हो। मास्टर ट्रेनरों द्वारा कंट्रोल यूनिट व डाक मत पत्रों की गणना, वीवीपीएटी स्लीप गणना, मतगणना समाप्ति के पश्चात ईवीएम को मुहरबंद करने और परिणाम की घोषणा के संबंध में, मतगणना केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था, मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधाएं, मतगणना हेतु आवश्यक सामग्री तथा द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रुप से प्रेषित डाक मतपत्र प्रणाली से प्राप्त मतों की गणना और मतगणना के परिणामों की वेबसाईट में एंट्री के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी सहित जिले के निर्वाचन से संबद्ध अधिकारी उपस्थित थे।



# क्लीन टॉयलेट अभियान की तैयारियों को लेकर जोन प्रभारियों की बैठक ली



**सागर, देशबन्धु।** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार शहरी क्षेत्र के समस्त सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों के सुलभ संचालन और उनके रखरखाव में सुधार लाने को उद्देश्य से 5 सप्ताह तक संचालित किये जाने वाले क्लीन टॉयलेट अभियान के सफल क्रियान्वन हेतु निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त राजेश सिंह राजपूत ने समस्त जोन प्रभारियो और सुलभ तथा मॉडर्न शौचालय संचालकों की बैठक ली, जिसमें सहायक आनंद मंगल, गुरु राष्ट्रीय आजीविका मिशन शहरी के सिटी मैनेजर विक्रम जैन एवं एमआईएस एक्सपर्ट गौरव सिंह राजपूत भी उपस्थित थे। बैठक में राजेश सिह राजपूत ने शासन द्वारा निर्धारित की गई गाइडलाइन अनुसार समस्त जोन प्रभारियो को निर्देशित किया कि सभी सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों का रखरखाव और सौंदरीकरण सुनिश्चित करने हेतु अभियान चलाया जाये। शौचालयों का उपयोग करने वाले नागरिकों को स्वस्थ शौचालय और स्वच्छता प्रथाओं के बारे में जोन प्रभारी और सफाई मित्र जागरूकता अभियान चलाकर उन्हें शौचालय की व्यवस्थाएं बनाई रखने के लिए प्रेरित करें, जोन प्रभारी अपने-अपने जोन में स्थित शौचालय में पर्याप्त व्यवस्थाएं हो इसके लिए लगातार मॉनिटरिंग करते रहें। एफ एसीईएस के मापदंडों के आधार पर उपलब्ध शौचालय में सुविधाओं की क्षमता का मूल्यांकन और मॉनिटरिंग करने हेतु महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित की जाये जिन शौचालय में सुधार कार्य की आवश्यकता हो तो ऐसे कार्यों को जोन प्रभारी चिन्हित कर अवगत कराये।

# सड़क दुर्घटना में घायलो के स्वास्थ्य की जानकारी लेने पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष



**सागर, देशबन्धु।** नर्मदा स्नान हेतु बरमान जा रहे सुरखी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कटंगी के श्रद्धालु सड़क दुर्घटना में घायल होने पर बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर में इलाजरत हैं। दुर्घटना में दो श्रद्धालुओं की मृत्यु घटनास्थल पर ही हो गई थी। दुख की इस घड़ी में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के भाई जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत एवं कुशवाहा समाजजनों के साथ बीएमसी में पहुंचे एवं घायलों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। जिला पंचायत अध्यक्ष ने संबंधित मेडिकल स्टाफ को उचित इलाज के निर्देश देते हुए कहा कि घायलों के इलाज में कोई कोताही ना बरती जाए, सुरखी विधानसभा मेरा परिवार है घायलों के इलाज में कोई कमी नहीं आने दूंगा। दुर्घटना में जिन लोगों की मृत्यु हुई है उनको श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिजनों से मुलाकात की।

# लायंस क्लब द्वारा डायबिटीज एवं ब्लड प्रेशर परीक्षण शिविर का आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** लायंस क्लब ऑफ सागर द्वारा डॉ. सर हरीसिंह गौर की जन्म जयंती पर शिविर का आयोजन किया गया। कटरा बाजार म्युनिसिपल स्कूल के बाहर प्रांगण में शिविर दो 1 बजे से प्रारंभ हुआ लायंस क्लब के सभी सदस्यों द्वारा सर्वप्रथम डॉ. गौर को नमन किया। लायनेस डॉ. साधना मिश्रा ने बताया कि लायंस क्लब्स इंटरनेशनल द्वारा डायबिटीज प्रोजेक्ट 2017 से शुरू हुआ है इसके अंतर्गत सर्विस कैंप लगाकर पूरे जिले में कार्यक्रम किए जाते हैं डायबिटीज पर वार्षिक एवं मासिक के कैंप लगाकर जीवन को संतुलित बनाने के लिए इस तरह के आयोजन होते हैं और लायंस क्लब फाउंडेशन इंटरनेशनल द्वारा डायबिटिक पर आर्थिक सपोर्ट भी किया जाता है वर्तमान में भारत में 10 करोड़ डायबिटीज के मरीज है एवं जून 2023 के मद्रास रिसर्च फाउंडेशन के शोध में बताया कि प्री डायबिटिक पेशेंट की संख्या 13 करोड़ है, लाइंस मुकेश जैन ने बताया कि शिविर में गर्भवती महिलाओं को भी डायबिटीज एवं ब्लड प्रेशर चेक कर उन्हें संतुलित आहार के एवं उपचार की जानकारी देकर डाइट चार्ट वितरित किए गए, लैंड मनीष नायक ने बताया कि लगभग 208 लोगों के लोगों ने शिवर में का लाभ लिया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से लायनेस विभालक्ष्मी दुबे, दीपमाला जैन, मनीष नायक, डॉ. एमके जैन, गुलजारीलाल जैन, आशीष ज्योतिषी सहित बड़ी संख्या में लायन साथी उपस्तित थे।

# ट्रेन से गिरने से युवक की मौत

**बीना, देशबन्धु।** बीना-झांसी रेलवे ट्रैक पर पड़रिया रेलवे गेट के पास ट्रेन से गिरकर घायल हुए एक यात्री की वंदे भारत ट्रेन से टकराने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद आरपीएफ पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी के अनुसार ताहिर पिता मोहम्मद सादिर 30 निवासी दिल्ली सोमवार को दिल्ली से बैंगलोर जाने के लिए किसी ट्रेन में निकला था। बीना के पड़रिया रेलवे गेट के पास वह ट्रेन से गिरकर घायल हो गया। ट्रेन से गिरने के बाद वह घायल अवस्था में उठकर जाने की कोशिश कर रहा था, इस दौरान वंदे भारत ट्रेन निकलने से उसकी टकराने से मौत हो गई। ट्रेन से गिरने का कारण अज्ञात बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद आरपीएफ, डायल 100 और 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। इसके बाद युवक को सिविल अस्पताल लाया गया जहां जांच में उसे मृत घोषित कर दिया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्चुरी में रखवा दिया गया है। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है।

# सर्दी का मौसम देख बदला स्कूलों का समय

**नर्सरी से कक्षा 8 वीं तक की कक्षाये सुबह 9 बजे के बाद लगेंगी**

**सागर, देशबन्धु।** सर्दी का मौसम देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूलों के समय में बदलाव किया है। दो दिनों से सागर में बादल छाए हैं। हल्की बारिश होने के कारण वातावरण में ठंडक बढ़ी हैं। वहीं सुबह से कोहरा छाने लगा है। ठंड के असर को देखते हुए प्रशासन ने जिले के नर्सरी से कक्षा 8 वीं तक की कक्षाओं के समय में बदलाव किया है। मंगलवार को कलेक्टर दीपक आर्य ने सर्दी को देखते हुए स्कूलों के समय में परिवर्तन करने का आदेश जारी किया है। आदेश में कहा है कि शीतकालीन मौसम शुरू होने और तापमान में गिरावट आने के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नर्सरी से कक्षा 8 वीं तक कक्षाएं सुबह 9 बजे से पहले संचालित नहीं की जाएंगी। यह आदेश सभी शैक्षणिक संस्थाओं पर तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

# 2 डेरियों के 19 पशुओं को रतौना एवं 7 आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजा



**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार शास्त्री वार्ड स्थित सुनील यादव की डेयरी के 10 पशु एवं लोकमन ठाकुर की डेयरी के 9 पशु, नगर निगम के वाहन द्वारा डेयरी विस्थापन स्थल रतौना शिफ्ट कराये गए। उसके साथ-साथ आवारा पशुओं को पड़कर गौशाला भेजा, साथ ही 7 आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजा। कुल 26 पशुओं को शहर से बाहर शिफ्ट किया गया। निगमायुक्त ने डेयरी विस्थापन कार्यवाही में लगे सभी दलों को निर्देश दिए हैं कि डेयरी विस्थापन की कार्यवाही तहत प्रतिदिन पशुओं को शहर से बाहर शिफ्ट कराएं। जिन-जिन पशुपालकों को डेयरी विस्थापन स्थल रतौना में, प्लांट आवंटित किए गए हैं और उन्होंने अभी तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया है ऐसे डेयरी संचालकों के विरूद्व सख्त कार्यवाही करते हुये उनके जानवरों को शहर से तत्काल बाहर करने की कार्यवाही करें। कार्रवाई के दौरान दल प्रभारी शिवनारायण रैकवार, राजू रैकवार, उमेश चौरसिया एवं दल के कर्मचारी उपस्थित थे।



# पुरातत्त्व संग्रहालय में अद्वितीय प्रतिमाओं एवं पुरानिधियों का संग्रह है : कन्हैया लाल बेरवाल

**सागर, देशबन्धु।** प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग के पुरातत्त्व संग्रहालय का डॉ. हरीसिंह गौर विवि के नवनियुक्त कुलाधिपति कन्हैया लाल बेरवाल ने भ्रमण किया। विभागाध्यक्ष प्रो. नागेश दुबे ने संग्रहालय में प्रदर्शित वैष्णव, शैव, शाक्त एवं पुरावशेषों की तथा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वीकृत परियोजना की जानकारी उपलब्ध करायी। कुलाधिपति ने संग्रहालय भ्रमण के पश्चात प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पुरातत्त्व संग्रहालय में अद्वितीय प्रतिमाओं एवं पुरानिधियों का संग्रह है। प्रो. नागेश दुबे के द्वारा लिखित पुस्तक एरणः एक परिचय उन्हें भेंट की गयी। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक डॉ. सुरेन्द्र कुमार यादव, अतिथि शिक्षक डॉ. मशकूर अहमद कादरी एवं डॉ. शिवकुमार पारोचे के साथ-साथ डॉ. मनविन्दर सिंह विभागाध्यक्ष, विधि संकाय विभाग के शोधार्थी यामिनी योगी, कीरत अहिरवार, संजय आठिया, आनन्द कुमार जायसवाल, विभाग के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ विभागीय कर्मचारी मो. आदिल खान, मोहन राय, मो. हाशिम खान एवं राजेन्द्र रजक आदि उपस्थित रहे।

# कपड़े, भोजन के पैकेट एवं मिठाई वितरित की



**सागर, देशबन्धु।** श्री बालाजी प्रभात जन सेवा समिति के द्वारा मॉडल स्कूल चोपड़ा के पास स्थित नागेश्वर मंदिर परिसर में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व के उपलक्ष्य में गरीब बेसहारों को कपड़े, भोजन के पैकेट एवं मिठाइयां वितरण की गई। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्वर कोरी फोटोग्राफर, राजेश जैन फुसकेले, अजय सोनकर, उमाशंकर रैकवार, भगवानदास रैकवार आदि उपस्थित थे।

# प्रतियोगियों को समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं की जाए सुनिश्चित : कलेक्टर

## 1400 से अधिक प्रतिभागी होंगे शामिल



**सागर, देशबन्धु।** 67 वीं राज्य स्तरीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए 11 दिसंबर को प्रदेश के 1400 से अधिक बच्चे शामिल होंगे, जिनके लिए समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर दीपक आर्य ने प्रतियोगिता के लिए आयोजित समीक्षा बैठक में दिए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, एडीपीसी अभय श्रीवास्तव, जिला खेल अधिकारी संजय दादर, प्रदीप अबिद्रा, सीएमएचओ डॉ. ममता तमोरी सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने कहा कि खेल स्थलों पर एंबुलेंस, डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, दवाईयों की व्यवस्था भी सुनिश्चित रखें। प्रतियोगियों के आवास स्थल पर दवाईयों का छिड़काव किया जाए एवं आवश्यक हो तो अलाव जलाने की व्यवस्था भी रखें। प्रतिदिन आवास स्थलों पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा प्रतियोगियों की जांच की जावे। इसी प्रकार प्रतिभागिता स्थल पर चलित शौचालय, एम्बुलेंस, पानी का टैंकर, महिला पुलिस की व्यवस्था की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा प्रतिभागियों को आवास स्थल से खेल स्थल तक आने जाने के लिए बसों की व्यवस्था की जाए। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन ने प्रतियोगिता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी एवं बताया कि प्रतियोगिता को संपन्न करने के लिए विभाग के द्वारा विभिन्न समितियां का गठन किया गया है, जिसके नोडल अधिकारी भी अलग-अलग नियुक्त किए गए हैं।

# गढ़ाकोटा में हुए जानलेवा हमले के विरुद्ध कांग्रेस द्वारा कलेक्टर व एसपी को ज्ञापन सौंपा



**सागर, देशबन्धु।** रहली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ज्योति पटेल समेत अन्य लोगों पर गढ़ाकोटा में 18 नवंबर को हुए जानलेवा हमले में शामिल आरोपियों पर एफआईआर दर्ज करने, अर्जुन सिंह ठाकुर के घर पर आकर बंदूक, बम, लाठी, राड एवं पत्थर से जानलेवा हमला करने के आरोपियों पर धारा 452 एवं 307 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध करनें, साथ ही कार्यकर्ताओं के ऊपर हुए हमले की जानकारी लेने जानें मात्र की घटना को लेकर ज्योति पटेल के विरुद्ध अभद्र, अश्लील एवं अपमानजनक टिप्पणी करने के कारण गोपाल भार्गव के ऊपर धारा 499 के तहत प्रकरण दर्ज करने की मांग की गई। साथ ही जिन पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने जानबूझकर अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की उनके विरुद्ध कार्यवाही करने आदि मांगों को लेकर जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. आनंद अहिरवार, इंजी. ज्योति पटेल, बीना से कांग्रेस प्रत्याशी निर्मला सप्रे, पूर्व जिलाध्यक्ष रेखा चौधरी, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. संदीप सबलोक, पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष रमाकांत यादव, महेंद्र सिंह, बीडी पटेल एवं पीड़ित पक्षकार अर्जुन सिंह ठाकुर, देवेंद्र सिंह ठाकुर, अभिलाष ठाकुर, बिहारी कुशवाहा, संजय पटेरिया, रविंद्र लोधी, ब्लॉक अध्यक्ष दीपक जैन एवं सैकड़ों महिलाओं व कार्यकर्ताओं की ओर से कलेक्टर दीपक आर्य व एसपी अभिषेक तिवारी को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि घटना के समय कुछ व्यक्तियों द्वारा बनाये गये वीडियो तथा गढ़ाकोटा नगर में लगे सीसीटीवी फुटेज एवं पीड़ित पक्षकारों के बयान के आधार पर घटना के दोषियों को आरोपी बनाकर अपराध कायम किया जाये तथा उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर व एसपी को यह भी बताया कि खुरई में राजू उर्फ राजेंद्र पटेल की हत्या कर उसकी लाश खेत में फेंक दी गई थी। जिसमे राजेंद्र पटेल के बेटे ने थाने में बयान देकर लाखन सिंह एवं शैतान सिंह के नाम अपने कथन में बताये हैं। उक्त घटना में भी बयान के आधार पर अपराध दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की गई।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।